आज होलिका दहन



दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -43 जबलपुर, गुरूवार 13 मार्च 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव

हर विधानसभा में एक स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा।- गरीबों को अनाज के लिए 7132 करोड़ का प्रावधान किया- सिंहस्थ के लिए 2 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया

## कोई नया कर नहीं, तीन लाख नौकरियां, लाड़ली बहनों को अटल पेंशन से जोड़ेंगे

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में डॉ. मोहन यादव सरकार का दूसरा बजट विधानसभा में उप मुख्यमंत्री वित्त जगदीश देवड़ा ने पेश किया। अपने भाषण की शुरुआत उन्होंने संस्कृत के श्लोक से की और कहा कि सरकार का लक्ष्य विकसित मध्य प्रदेश बनाना है। यह बजट 4.20 लाख करोड़ रुपये का है।

प्रदेश में 10000 स्टार्टअप स्थापित होने की संभावना है।

आगामी 5 वर्षों में उद्योगों को लगभग 30000 करोड रुपए के इनसेंटिव दिए जाना संभावित है।


इस वर्ष उद्योगों को दिए जाने वाले इनसेंटिव के लिए 3250 करोड रुपए का प्रावधान प्रस्तावित किया गया है।

जनजातीय बोल क्षेत्र के समग्र विकास के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया गया है।

मध्य प्रदेश में डिजिटल यूनिवर्सिटी खोली जाएगी।

धान बोनस के लिए 850 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। किसान प्रोत्साहन योजना के लिए 5230 करोड़ रुपये का प्रावधान। संबल योजना के लिए 700 करोड़ रुपये का प्रावधान किया।





### जबलपुर-ग्वालियर यूनिवर्सिटी को मिले 40 करोड़ रुपए, 3 लाख नौकरिया मिलेगी

जबलपुर, भोपाल. एमपी के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का बजट पेश किया. बजट में ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय व जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के लिए 40 करोड़ रुपए का प्रावधान प्रस्तावित है. इसी तरह लाड़ली बहनों को अटल पेंशन योजना से जोड़ा जाएगा. वित्तमंत्री श्री देवड़ा ने बजट भाषण की शुरुआत कविता से की. उन्होंने कहा कि यही जुनून, यही एक ख्वाब मेरा है, वहां चिराग जला दूं जहां अंधेरा है.... जनप्रतिनिधियों की बेशुमार फरमाइशें हैं वो हम सब पूरी कर सके, ये हमारी कोशिशें हैं. उन्होंने बताया कि हमने 2025-26 का बजट जीरो वेस्ट बेस्ड प्रक्रिया से तय किया है. सरकार का लक्ष्य है विकसित मध्यप्रदेश. इसका अर्थ है कि जनता का जीवन खुशहाल हो. महिलाओं का आत्मगौरव मिले. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी बजट भाषण सुनने के लिए विधानसभा में मौजूद रहे.

**किसानों को शून्य ब्याज पर लोन दिया जाएगा।**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में नई योजना क्षतिग्रस्त पुलों का पुनर्निर्माण प्रारंभ की जा रही है। उज्जैन हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया जाएगा। जल जीवन मिशन के लिए 17135 करोड रुपए का प्रावधान किया है। 5 वर्ष में 500 रेलवे ओवर ब्रिज और फ्लाईओवर निर्मित किए जाएंगे। इस वर्ष 3500 किलोमीटर नई सड़क तथा 70 पुल बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

सिंहस्थ के लिए 2 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

सामाजिक आर्थिक उत्थान की योजनाओं के लिए 2लाख 1 हजार 282 करोड रुपए रखे गए। बजट में कोई भी नया कर नहीं लगाया गया और ना ही किसी भी कर की दर बढ़ाना प्रस्तावित किया।

आंगनबाड़ी सेवाओं के लिए 3729 करोड रुपए का बजट रखा गया है। नारी शक्ति संबंधी विभिन्न योजनाओं के लिए 26797 करोड रुपए का बजट रखा है। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के लिए 18669 करोड़ों रुपए का प्रावधान। मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना में 145 करोड रुपए का प्रावधान। गोशालाओं में पशु आहार के लिए प्रति गोवंश प्रतिदिन 20 रुपये को दोगुना कर 40 किया जा रहा है। गो संवर्धन एवं पशुओं का संवर्धन योजना के लिए 505 करोड रुपए का प्रावधान। कृषि और संबद्ध क्षेत्र के लिए 58, 257 करोड रुपए का बजट। गत वर्ष से 13409 करोड रुपए अधिक का प्रावधान।

### सड़कों पर नहीं दौड़ेंगे 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहन, स्क्रैप कराने पर मिलेगी 25 प्रतिशत तक टैक्स में छूट

भोपाल। बजट में 15 वर्ष आयु पूरी कर चुके सभी तरह के वाहनों को स्क्रैप कराना अनिवार्य किया गया है। पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फेसिलिटी(आरवीएसएफ)के तहत वाहनों का स्क्रैप कराया जा सकता है। यदि कोई शासकीय व निजी वाहन स्क्रैप कराता है तो उसे नया वाहन खरीदने पर टैक्स में छूट दी जाएगी।

किसानों को सहकारी बैंकों से ब्याज मुक्त ऋण के लिए 694 करोड रुपए का प्रावधान किया गया।

कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन योजना को प्रदेश में लागू किए जाने की प्रक्रिया पर विचार करने उच्च स्तरीय समिति गठन करने का निर्णय। 1 अप्रैल 2025 से सातवें वेतनमान के सुसंगत स्टारों के अनुसार महंगाई भत्ते का पुनरीक्षण किया जाएगा। राष्ट्रीय उद्यान तथा बफर क्षेत्र में वन्य जीव वन्य प्राणी मानव संघर्ष को रोकने के लिए 3000 किलोमीटर सीमा में फेंसिंग की जाएगी। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा होगी प्रारंभ। ग्रामीण नागरिकों को सस्ता और सुलभ परिवहन होगा उपलब्ध। इसके लिए 20 करोड रुपए का प्रविधान किया गया है। वाहन स्क्रैप को प्रोत्साहित करने के लिए नवीन वाहन खरीदने पर मोटरयान कर में परिवहन वाहन के लिए 15त्न तथा गैर परिवहन वाहन के लिए 25त्न की छूट दी गई है। गृह विभाग के लिए 12876 करोड रुपए का बजट रखा गया जो गत वर्ष की तुलना में 1585 करोड रुपए अधिक है।

### बजट में की गई घोषणाएं

-प्रदेश सरकार ने कोई नया टैक्स नहीं लगाया.

-लाड़ली बहनों की राशि नहीं बढ़ेगी, अटल पेंशन योजना से जोड़ेंगे. -11 नए आयुर्वेदिक कॉलेज व 22 नए आईटीआई खोले जाएंगे. -प्रदेश के 39 नए औद्योगिक क्षेत्रों में 3 लाख नौकरियां मिलेंगी. -1 अप्रैल 2025 से सातवें वेतनमान के महंगाई भत्ते का पुनरीक्षण किया जाएगा. -प्रदेश में डिजिटल यूनिवर्सिटी और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय खुलेगा. -धार में डायनासोर जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान व डिंडोरी में जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान शुरू होंगे. -सीएम युवा शक्ति योजना के तहत प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में सर्व सुविधायुक्त स्टेडियम खोले जाएंगे. -आगामी 5 वर्ष में उद्योगों को लगभग 30 हजार करोड़ के इंसेंटिव दिए जाएंगे. -प्रदेश में डिजिटल यूनिवर्सिटी व राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय खुलेगा. -खाद्यान्न योजना के लिए 7132 करोड़ रुपए का प्रावधान. -नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल्स एंड ऑयलसीड्स में रुपए 183 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है जो गत वर्ष के प्रावधान की अपेक्षा दो गुना से भी अधिक है. -1 लाख किलोमीटर सड़कें, 500 रेलवे ओवर ब्रिज बनेंगे -प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में नई योजना श्क्षतिग्रस्त पुलों का पुनर्निर्माण शुरू की जा रही है. इसके लिए 100 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है. -ऐसे गांव जो मुख्य सड़क से दूर हैं या वहां तक सड़क उपलब्ध नहीं हैं. वहां मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना प्रारंभ की जा रही है. इसके लिए 100 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान रखा गया है. -इस वर्ष 3500 किलोमीटर नई सड़क व 70 पुल बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है. -19 वृहद, मध्यम व 87 लघु सिंचाई परियोजना प्रस्तावित हैं. इनसे 7 लाख 2 हजार हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित हो सकेगा. सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण और संधारण के लिए 17863 करोड़ रुपए रखे गए हैं. जल जीवन मिशन के लिए 17135 करोड़ रुपए का प्रावधान.

जेलों की बेहतर अधोसंरचना के लिए 4 जेलों का निर्माण तथा नई बैरक निर्माण कर क्षमता वृद्धि की जा रही है। जेल विभाग के लिए 794 करोड रुपए के बजट का प्रावधान किया गया। पुलिस बल के आधुनिकीरण के लिए केंद्रीय क्षेत्रीय योजना प्रारंभ की जा रही है। इसमें पुलिस बल को वाहन सुविधा के साथ तकनीकी उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

**तीथ दर्शन योजना के लिए 50 करोड़ रुपये**

श्रीकृष्ण पाथेय योजना के लिए 10 करोड रुपए का प्रावधान। इसी प्रकार राम पथ गगन योजना के लिए 30 करोड रुपए का प्रावधान किया गया। गीता भवन में पुस्तकालय, सभागार, साहित्य सामग्री विक्रय केंद्र बनाए जाएंगे, इसके लिए 100 करोड रुपए का प्रावधान किया गया। तीर्थ दर्शन योजना के लिए 50 करोड रुपए का प्रावधान रखा गया है पर्यटन संस्कृति और धर्मस्व क्षेत्र में 1610 करोड रुपए का प्रावधान किया गया जो गत वर्ष की तुलना में 133 करोड रुपए अधिक है।

## देवी धाम सलकनपुर में प्रसादी की 15 दुकानों में लगी आग



रेहटी (आरएनएस)। बुधवार को प्रसिद्ध देवी धाम सलकनपुर में दुकानों में आग लग गई, जिसमें लगभग 10 से 15 दुकान जलकर खाक हो गई। आग लगने की घटना सुबह लगभग 8.30 बजे की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह दुकानों में आग जैसे ही लगी सभी दुकानदार मंदिर पहुंच गए और मंदिर पर चल रहे देवीलोक के निर्माण कार्य में लगे पानी के टैंकर और फ्लोरी में पानी भरकर बुलाया और दुकानदारों ने प्लास्टिक के कुप्पों से आग बुझाई। मंदिर की चढ़ाई ज्यादा होने की वजह से दमकल देर से पहुंच सकी।

स्थानीय व्यापारी अरविंद मालवीय एवं पंकज शर्मा ने बताया कि आग तेजी से फैल रही थी। दुकानदारों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया।

यदि आग को बुझाया नहीं गया होता तो लगभग सभी दुकानें आग में झुलस जाती। आग की रफ़्तार इतनी तेज थी कि रोड क्रास करके सामने वाली लाइन के पर्दे, बैनर और मेट भी आग में झुलस गए। मौके पहुंचे एसडीएम दिनेश तोमर, एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा, तहसीलदार भूपेंद्र कैलाशिया, थाना प्रभारी राजेश कहारे, सलकनपुर चौकी प्रभारी भावना यादव, मंदिर ट्रस्ट सचिव रामकिशोर दुबे सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने घटना का मौका मुआयना किया। 2008 में सलकनपुर मंदिर के पास भेरू घाटी पर शार्टसर्किट से लगभग 40 दुकानें पूरी तरह जलकर ख़ाक हो गई थी।

## पाकिस्तान सेना बोली- ट्रेन हाईजैक से छुड़ाए गए सभी बंधक,28 सैनिकों की मौत, 33 बलूच विद्रोही ढेर; बलूच लड़ाकों का दावा- अब तक 100 सैनिक मारे

इस्लामाबाद-(आरएनएस)। पाकिस्तान की तरफ से बीएलए के 27 लड़ाकों को मारे जाने का दावा किया गया है। लेकिन इन दावों से इतर पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हुए ट्रेन हाईजैक में बड़ी तादाद में लोगों के मरने की आशका जताई जा रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि पाकिस्तान की सरकार ने 200 से ज्यादा ताबूत बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा भेजे हैं। पाकिस्तान रेलवे के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है कि बलूचिस्तान के बोलन भेजने के लिए 200 से ज्यादा ताबूत क्वेटा लाए गए हैं। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी की तरफ से जब से जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक किए जाने की खबर सामने आई है। तभी से लगातार बीएलए और पाकिस्तान की सरकार की तरफ से अलग अलग दावे किए जा रहे हैं और एक दूसरे के दावों को झूठा भी बताया जा रहा है।



पहले तो पाकिस्तान की तरफ से कहा गया कि उसने बीएलए के 10 लड़ाकों को मार गिराया है। जिसके पलटवार में बयान जारी करते हुए बलूच आर्मी ने पाक सरकार के दावों को झूठा करार देते हुए अपनी 48 घंटे के अल्टीमेटम की बात दोहराई। वहीं कहा गया कि पाकिस्तान की 20 सैनिकों को मार गिराया गया है। अब पाकिस्तान की तरफ से बीएलए के 27 लड़ाकों को मारे जाने का दावा किया गया है। लेकिन इन दावों से इतर पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हुए ट्रेन हाईजैक में बड़ी तादाद में लोगों के मरने की आशका जताई जा रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि पाकिस्तान की सरकार ने 200 से ज्यादा ताबूत बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा भेजे हैं। पाकिस्तान रेलवे के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है कि बलूचिस्तान के बोलन भेजने के लिए 200 से ज्यादा ताबूत क्वेटा लाए गए हैं।

पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने देश के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी आतंकवादियों द्वारा बंधक बनाए गए 190 रेल यात्रियों को बचाया है। बचाव अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा, आतंकवादियों के बीच आत्मघाती हमलावरों की मौजूदगी के कारण बाधित हुआ,

## हम सब भारत मां के लाल, भेदभाव का कहां सवाल, हाथ जोड़ा द्रमुक सांसदों से क्या बोले शिवराज



नई दिल्ली-(आरएनएस)। द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) और भाजपा के बीच वार-पलटवार के बीच केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बड़ा दावा किया है। शिवराज ने संसद में कहा कि मैं खुद दो बार तमिलनाडु गया हूं, एक बार कृषि विभाग के काम से और एक बार ग्रामीण विकास के काम से। अब मैं कोई आरोप नहीं लगा रहा हूं लेकिन दोनों ही मौकों पर न तो ग्रामीण विकास मंत्री और न ही कृषि मंत्री मेरी बैठक में आए। मैं अनुरोध करना चाहूंगा कि केंद्र सरकार लाभ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। तमिलनाडु से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं करती है।

## मदर ऑफ डेमोक्रेसी की ओर से मॉरीशस को गिफ्ट, नया संसद भवन बनाएगा भारत

नई दिल्ली-(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपनी दो दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान मॉरीशस में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया और कहा कि भारत मॉरीशस में एक नई संसद बनाने में सहयोग करेगा। आज, प्रधानमंत्री नवीन चंद्र रामगुलाम और मैंने भारत-मॉरीशस साझेदारी को बढ़ी हुई रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का फैसला किया। हमने तय किया कि भारत मॉरीशस में नई संसद भवन के निर्माण में सहयोग करेगा। यह लोकतंत्र की जननी मॉरीशस की ओर से मॉरीशस को एक उपहार होगा। उन्होंने कहा कि भारत और मॉरीशस न केवल हिंद महासागर से जुड़े हैं, बल्कि परंपराओं और संस्कृति से भी जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि हम आर्थिक और सामाजिक विकास की यात्रा में भागीदार हैं। हम हमेशा एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। चाहे स्वास्थ्य हो, अंतरिक्ष हो या रक्षा, हम एक-दूसरे के साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं। 140 करोड़ भारतीयों की ओर से पीएम मोदी ने मॉरीशस के लोगों को उनके राष्ट्रीय दिवस पर बधाई दी और कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस पर फिर से वहां आने का मौका मिला। इससे पहले पीएम मोदी ने मॉरीशस के पूर्व प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ से मुलाकात की। दोनों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में भारत-मॉरीशस सहयोग बढ़ाने पर अद्भुत चर्चा हुई। एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा कि मॉरीशस के पूर्व प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ अच्छी मुलाकात हुई।



सरकार उस पर शौचालय बनवा दे', औरंगजेब की कब्र हटाने पर बोले मनोज मुंतशिर

## हिंदुस्तान हमारे बाप का था और है



नई दिल्ली-(आरएनएस)। गीतकार और पटकथा लेखक मनोज मुंतशिर ने मंगलवार को भारत में मुगल सम्राट औरंगजेब की कब्र की प्रासंगिकता पर नई बहस छेड़ दी और इसे राष्ट्रीय शर्म का स्मारक कहा। उन्होंने कहा कि औरंगजेब की कब्र राष्ट्रीय शर्म का स्मारक है। उस जगह पर ऐसा क्या है जिस पर किसी भारतीय को गर्व होना चाहिए? उन्होंने कहा कि अगर औरंगजेब की कब्र गर्व करने लायक जगह है तो उन्हें अपनी देशभक्ति के बारे में दोबारा सोचने की जरूरत है। राम मंदिर के लिए कानूनी लड़ाई पर बोलते हुए उन्होंने मंदिर विरोधियों द्वारा दी गई

## सरकार और विपक्ष के बीच नोकझोंक जारी, खड़गे के ठोकेंगे वाले बयान पर हंगामा

नई दिल्ली-(आरएनएस)। बजट सत्र के दूसरे चरण के तहत आज दूसरे दिन संसद की कार्यवाही हुई। लोकसभा और राज्यसभा में आज भी विभिन्न मुद्दों को लेकर हंगामा देखने को मिला। मतदाता सूची में कथित हेराफेरी और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे पर कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सहित अन्य विपक्षी दलों ने राज्यसभा में भारी हंगामा किया। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने सरकार पर शैक्षणिक संस्थानों में लोगों को %पिछले दरवाजे% से धकेलने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने मणिपुर को विधानसभा को बहाल करने की मांग की तथा प्रधानमंत्री मोदी से राज्य का दौरा करने का आग्रह किया। इसके अलावा लोकसभा में आव्रजन और विदेशी विधेयक 2025 पेश किया गया। सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में आप्रवासन और विदेशी नागरिकों के भारत में आने से संबंधित प्रावधान वाला विधेयक पेश किया। विपक्ष के कुछ सदस्यों के विरोध के बीच गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने 'आप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक, 2025' प्रस्तुत किया। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने नियमों का हवाला देते हुए विधेयक को पेश किए जाने का विरोध किया। समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद धर्मेंद्र यादव ने मंगलवार को लोकसभा में सरकार से आग्रह किया कि देश में पुरानी



पेंशन योजना फिर से लागू की जाए ताकि सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवारों के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कांग्रेस सांसद गोवाल पडवी ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि चीन का कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संबंधित मॉडल 'डीपसीक' अरुणाचल प्रदेश को भारत का हिस्सा नहीं बताता है और ऐसे में उसे प्रतिबंधित करना चाहिए तथा इस विषय को चीन की सरकार के समक्ष उठाया जाना चाहिए। कांग्रेस ने मंगलवार को मणिपुर में अशांति की स्थिति का जिक्र करते हुए सरकार पर केवल भाषणों और खबरों पर ध्यान देने तथा वास्तविक स्थिति को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया, वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मणिपुर को सड़क और रेल संपर्क से जोड़ने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार को दिया। लोकसभा में मंगलवार को वर्ष 2024-25 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों के दूसरे बैच, 2021-22 के लिए अतिरिक्त अनुदानों की मांगों और मणिपुर के बजट पर चर्चा हुई। समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद नीरज मौर्या ने मणिपुर की स्थिति को लेकर लोकसभा में केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मॉरीशस के आधिकारिक दौरे से वापस आते ही पूर्वोत्तर के इस प्रदेश का दौरा करना चाहिए।

सुवेंदु अधिकारी के बयान ममता की दो टूक

## मैं हिंदू हूं, और मुझे बीजेपी से प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं



पश्चिम बंगाल (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र स्थायी है, लेकिन कुर्सी नहीं। कुर्सी का सम्मान करें। आप मुस्लिम विधायकों को बाहर निकालने के बारे में कैसे सोच सकते हैं। वे (बीजेपी) मुसलमानों को निशाना बना रहे हैं क्योंकि यह रोज़ा का महीना है, और उन्हें यह पसंद नहीं है। उन्होंने कहा कि वे सांप्रदायिक बयान देकर देश का ध्यान आर्थिक और व्यापार पतन से भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं एक हिंदू हूं, और मुझे बीजेपी से प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है।

दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में हिंदू मंदिरों पर हमलों के खिलाफ भाजपा ने विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल के नेता सुवेन्दु अधिकारी ने कहा कि पिछले 4-5 दिनों से बरुईपुर, बशीरहाट में हिंदू मंदिरों और मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है। एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने दावा किया कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत का जश्न मना रहे लोगों पर हमला किया गया। इसके खिलाफ भाजपा विधायक ने विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव लाया, लेकिन उन्हें बोलने तक नहीं दिया गया।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना अधारताल में सुबह लगभग 11 बजे श्रीमती नंदनी पटैल उम्र 36 वर्ष निवासी सुभाषनगर कचंनपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पति रविकांत पटैल सब्जी का व्यवसाय करते हैं रात लगभग 10 बजे खाना खाकर परिवार सहित सो गये थे रात लगभग 1 बजे घर के बाहर गाली गलौज करने की आवाज आने पर नींद खुलने पर खिड़की से देखी, देवा, राहुल कोल, रवि कोल, कल्लू कोल उसके घर के दरवाजे एवं खिड़की में पत्थर मारे एवं तलवार और कुल्हाड़ी से उसका दरवाजा छतिग्रस्त कर दिया उसके घर के बाजू से उसके देवर शशिकांत के घर का लोहे का दरवाजा एक साईड



# प्रदेश को स्वर्णिम-विकसित, आत्मनिर्भर बनाने वाला सर्वसमावेशी, सर्वहितकारी बजट- सांसद आशीष दुबे

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री आशीष दुबे ने बुधवार को प्रस्तुत मध्यप्रदेश सरकार के बजट को हर क्षेत्र में सौगात देने वाला और मध्यप्रदेश को विकास की राह पर द्रुत गति से बढ़ाने वाला बजट निरूपित किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश का संकल्प इस बजट के माध्यम से और सशक्त होगा।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के आज प्रस्तुत बजट में स्वर्णिम और विकसित मध्यप्रदेश बनाने के ईमानदार प्रयासों की भरपूर झलक दिखती है। बजट में किसी भी तरह का नया टैक्स जनता पर नहीं लगाया गया है, और किसानों के साथ-साथ महिलाओं, छात्रों और समाज के हर वर्ग को लाभान्वित करने वाले प्रावधानों का समावेश है। यह बजट भाजपा के जनसेवा के संकल्प को मजबूती से दोहराता दिखता है। बजट में हर क्षेत्र के विकास का स्पष्ट लक्ष्य दिख रहा है। आज प्रस्तुत बजट मध्यप्रदेश का उज्ज्वल भविष्य बनाएगा और हर वर्ग के लोगों को सशक्त करेगा।

सांसद श्री दुबे ने आगे कहा कि विकास को ही मूल मंत्र मानकर 2047 तक भारत को सबसे विकसित और उच?च पायदान पर पहुंचाने के मोदी जी के संकल?प की इस बजट में छाप स?पष?ट नजर आती है। भारत को नंबर 1 बनाने में मध?यप्रदेश अपना महत?वपूर्ण योगदान दे रहा है, जो इस बजट में भी परिलक्षित हो रहा है।



सांसद श्री आशीष दुबे ने कहा कि लाड़ली बहनों को अटल पेंशन योजना से जोड़ना स?वागत योग?य है। किसानों के लिये धान पर बोनस देने की घोषणा उनकी समृद्धि को बढ़ायेगी और हर विधानसभा में खेलों के लिये स?टेडियम का निर्माण किये जाने का प्रावधान प्रदेश के खिलाडियों के लिये उनके बेहतर भविष?य की नींव तैयार करेगा।

उन?होंने कहा कि जनजाति विद्यार्थियों को उच?च शिक्षा के लिये विदेश भेजे जाने की घोषणा यह बताती है कि समाज के हर वर्ग और वंचित वर्ग के लिये भाजपा की सरकार अच?छे से अच?छा करने के लिए कृत संकल्पित है। मेडिकल कॉलेज में पीजी के लिये सीटें बढ़ाने की घोषणा का फायदा यह होगा कि प्रदेश के विद्यार्थियों को अन?य राज?यों में शिक्षा के लिये भागदौड़ कम करनी पड़ेगी ।

पर्यावरण की दिशा में काम करते हुये भाजपा सरकार ने प्रदेश के बजट में ई-बसें चलानें की घोषणा की है, जिससे निश्चित तौर पर पर्यावरण के क्षेत्र में सकारात?मक असर होगा, और पर्यावरण संतुलन भी बना रहेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम परिवहन के लिये मुख?यमंत्री सुगम परिवहन योजना हमारे ग्रामीण भाईयों को सस?ता और सुलभ परिवहन उपलब?ध करायेगी। सांसद श्री दुबे ने कहा कि बजट में तीन लाख नई नौकरियां दिये जाने की घोषणा, मुख?यमंत्री सुगम परिवहन योजना, राष?ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी खोले जाने की घोषणा, डिजिटल यूनिवर्सिटी की स?थापना, किसानों के लिये ब?याज मुक?त ऋण जैसी घोषणाएं की गई हैं जो यह प्रदर्शित करती हैं कि मध?यप्रदेश हर क्षेत्र में आगे बढ़ते हुये स?वर्णिम प्रदेश का आकार ले रहा है। सांसद श्री दुबे ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में एमबीबीएस की 400 सीटें बढ़ाये जाने की घोषणा और 11 नये आयुर्वेदिक कॉलेज खोले जाने के प्रावधान का प्रदेश की जनता को फायदा मिलेगा। खेलों को बढ़ावा देने के लिये भी जिस तरह के प्रावधान बजट में किये गये हैं उससे मध?यप्रदेश का खेल ढांचा बहुत मजबूत होगा। स?वास?थ?य क्षेत्र, वन?य जीव संरक्षण, पुलिस बल के आधुनिकीकरण सहित तमाम ऐसे प्रावधान इस बजट में किये गये हैं जो मध?यप्रदेश को देश का नंबर 1 राज?य बनायेंगे। सांसद श्री आशीष दुबे ने कहा कि प्रदेश की अधोसंरचना को सशक?त बनाने के साथ-साथ स?वर्णिम विकास का लक्ष?य भाजपा की प्राथमिकता है और आज प्रस?तुत बजट में चिन्हित रूप से इस लक्ष?य को पूरा करने के लिये काम किये जाने के वास?तविक प्रयास बहुत मजबूती से नजर आ रहे हैं जिसके लिये प्रदेश के वित?त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा बधाई के पात्र हैं।

सांसद श्री दुबे ने कहा कि देश के यशस?वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत?व, मध?यप्रदेश के मुख?यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के मार्गदर्शन में श्री देवड़ा ने मध?यप्रदेश की बेहतरी के लिये सर्वसमावेशी, सर्वहितकारी, कल?याणकारी बजट प्रस?तुत किया है जो पूरे देश में आज मध?यप्रदेश की उज?जवल छवि को और उज?जवल बनायेगा।

## सिटी शाखा कार्यकारिणी का गठन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। हम फ़ाउण्डेशन भारत जबलपुर सिटी कार्यकारिणी की बैठक आज दिनांक 07/03/2025 को श्री राजेन्द्र उपाध्याय जी अध्यक्ष जबलपुर सिटी की अध्यक्षता में आयोजित की गई । सर्व प्रथम मेरे द्वारा सभी का परिचय कराया गया , तदोपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई , केंद्रीय कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में नवीन सत्र 2025-26 के लिए अध्यक्ष ,सचिव उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद हेतु श्री आशुतोष तिवारी जी, उपाध्यक्ष पद हेतु श्री नीरज जैन, सचिव पद हेतु श्री बी.एस ठाकुर जी, एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु श्री राजेन्द्र गढ़ेवाल का नाम प्रस्तावित किया गया । सभी सदस्यों की सर्व सम्मति से सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इस अवसर पर श्री संतोष दुबे प्रदेश सहभागिता युवा एवं बालकल्याण , श्री राजेन्द्र उपाध्याय जी पूर्व शाखा अध्यक्ष ,श्री इन्द्रपुरी गोस्वामी पूर्व ज़िलाध्यक्ष ,श्री भरत गुप्ता जी, श्री मनोज पटेल जी, श्री एस.एल नामदेव जी ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों का तिलक, माला व अंगवस्त्र से अभिनंदन कर बधाई दी । कार्यक्रम का संचालन श्री बी एस ठाकुर व आभार प्रदर्शन श्री एस एल नामदेव जी ने किया।

# दो-दो ट्रिप चलाई जाएगी रीवा-सीएसएमटी-रीवा साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। यात्रियों की सुविधा हेतु आगामी त्योहारों एवं समर में भीड़ को कम करने के लिए रेल प्रशासन द्वारा रीवा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-रीवा के बीच साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 02-02 फेरे चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के रीवा स्टेशन से प्रारम्भ/टर्मिनेट होकर सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी एवं हरदा स्टेशनों से होकर गंतव्य को जायेगी। स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच उपलब्ध रहेंगे। गाड़ी संख्या 02187 रीवा से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार दिनाँक 20 एवं 27 मार्च 2025 को रीवा स्टेशन से दोपहर 15ः50 बजे प्रारम्भ होकर सतना 16ः55 बजे, मैहर 17ः25 बजे, कटनी 18ः05 बजे, जबलपुर 19ः40 बजे, नरसिंहपुर 20ः48 बजे, गाडरवारा 21ः18 बजे, पिपरिया 21ः53 बजे, इटारसी 23ः20 बजे और अगले दिन हरदा मध्य रात्रि 00ः22 बजे पहुँचकर, भुसावल भोर 04ः00 बजे होते हुए औरशुक्रवार दोपहर 12ः20 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुँचेगी ।

गाड़ी संख्या 02188 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनससे रीवा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार दिनाँक 21 एवं 28 मार्च 2025 कोछत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन से दोपहर 13ः30 बजे प्रारम्भ होकरभुसावल रात 20ः20 बजे पहुँचकर अगले दिन हरदा मध्य रात्रि 00ः03 बजे, इटारसी 01ः15 बजे, पिपरिया 02ः13 बजे, गाडरवारा 02ः48 बजे, नरसिंहपुर 03ः23 बजे, जबलपुर भोर 04ः55 बजे, कटनी 06ः10 बजे, मैहर 07ः03 बजे, सतना 07ः40 बजे और शनिवार को 09ः45 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी। ठहरावः- यह गाड़ी रास्ते में दोनों तरफ सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खण्डवा, भुसावल,मनमाड़, नासिक रोड एवं कल्याण स्टेशनों पर रुकेगी।

नोटः- रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी वेबसाइट से दिनाँक 13 मार्च 2025 से इस स्पेशल ट्रेन के आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है। रेल यात्रियों से अनुरोध है कि स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन, रेल मदद 139 एवं वेबसाइट से ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं।

## गुंजन का रसरंग महोत्सव आज

जबलपुर/ गुंजन कला सदन द्वारा 32 वर्षों से निरंतर जारी रसरंग महोत्सव इस वर्ष अनेक नए आकर्षण के साथ होलिका दहन की संध्या 13 मार्च को शाम 6 बजे से शहीद स्मारक भवन में आयोजित है । समारोह में सभी अतिथियों और दर्शकों को आयोजकों द्वारा दूल्हा बनाकर सम्मानित किया जाता है ।

गुंजन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. आनंद तिवारी ने बताया कि इस समारोह में नृत्यगुरु मोती शिवहरे के निर्देशन में मनभावन होली गीतों पर आकर्षक नृत्यों के साथ ही ख्यातिलब्ध हास्य कलाकार के. के. नायकर हास्य के धमाके करेंगे । संजय जैन कीपी एवं हिमांशु तिवारी के अनुसार इस अवसर पर दोनों ही कलाकारों को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा । देश के इस चर्चित समारोह में उपस्थिति की अपील नरेन्द्र जैन एन.सी., गौरीशंकर केसरवानी, गुरवचन सिंह चौपरा, लायन नरेन्द्र जैन, सुरेश सराफ, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, अभय जैन, श्याम चौदहा, लायन उमेश जैन, अजय अग्रवाल, युवराज गढ़वाल, विक्रम परवार, विक्की सोनी, आलोक पाठक, डॉ. रजनीश गर्ग, सुनील मंघरानी, कौशल यादव, नवनीत माहेश्वरी, महेश पुरसवानी, एडवोकेट जी.पी.सिंह, हेमंत अरोरा, सुनील श्रीवास्तव, अभिजीत राय, अखिल मदान, मनीष जायसवाल, सोमेश सराफ, कौशल्या गोटिया, इंदिरा पाठक तिवारी, आदि ने की है ।

**लोकसभा सांसद आशीष दुबे का आगमन गुरुवार को**

जबलपुर। जबलपुर लोकसभा सांसद आशीष दुबे का 13 मार्च गुरुवार सुबह 7 बजे रेलमार्ग द्वारा दिल्ली से जबलपुर आगमन होगा। जैसा कि विदित है सांसद श्री दुबे विगत दिवस संसद सत्र में शामिल होने के लिए दिल्ली गए हुए थे। सांसद श्री आशीष दुबे होली पर्व पर 14 व 15 मार्च को प्रातः 11 से शाम 5ः00 बजे मदनमहल होमसाइंस रोड स्थित अपने कार्यालय में पार्टीजनों व आमजनों से मुलाकात करेंगे।

निगमायुक्त प्रीति यादव ने पार्षद सुनील पुरी गोस्वामी और अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

## त्रिपुरी वार्ड के कॉलोनियों में कराई जायेगी वर्षा जल निकासी की व्यवस्था



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। वर्षा जल निकासी की व्यवस्था के संबंध में अभी से नगर निगम ने तैयारियाँ शुरू कर दी है। आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने संभाग क्रमांक 1 के त्रिपुरी वार्ड के कॉलोनियों का दौरा वार्ड पार्षद सुनील पुरी गोस्वामी, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री शैलेंद्र मिश्रा, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल, संभागीय अधिकारी कृष्णकांत रावत, सहायक नोडल स्वच्छता अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ अधिकारी अनिल बारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक प्रीतेश मसोडकर के साथ किया। इस अवसर पर निगमायुक्त और पार्षद सुनील पुरी गोस्वामी ने

**जल भराव वाले क्षेत्रों का सघन रूप से दौरा कर जल निकासी की व्यवस्था कराने संबंधित अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश**

विज्डम वैली स्कूल, पश्चिम नर्मदा कॉलोनी, अवनी बिहार, सीताराम परिसर, सोनी कॉलोनी एवं अलग-अलग अन्य क्षेत्रों का भी दौरा किया जहाँ वर्षा ऋतु के दौरान जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। निगमायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानसून आगमन के पूर्व सभी जलभराव वाले क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कराएँ। मौके पर स्वास्थ्य निरीक्षक श्री राम कोरी, अक्षय कोरी और सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहे।



# श्री चैतन्य महाप्रभु जन्मोत्सव जन्मोत्सव पर भव्य संकीर्तन यात्रा



**सुमधुर भजनों के साथ फूलों. की होली आकर्षण का केन्द्र रही**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मण्डल जाबालपुरम के संयोजकत्व में महाप्रभु श्री चैतन्य जी के जन्मोत्सव के शुभ प्रसंग पर आज विशाल संकीर्तन शोभा यात्रा संकीर्तनाचार्य पं.मनमोहन दुबे के पावन सानिध्य में श्री शिवकल्याण मंदिर कछियाना से भव्य फूलों की होली खेलते हुये नृत्य, गाजे बाजे शंख,घंटा, मृदंग की मनोहारी गूँज़ के साथ तेंदूखेड़ा सीताराम संकीर्तन मंडल द्वारा राधे राधे सीताराम की अखण्ड धुन गाकर निकाली गई।अपने उदगार में पं.दुबे जी ने हृदयोगार में, कहा कि चैतन्य महाप्रभु ने हरिनाम संकीर्तन को एक नवीन दिशा दीं है एक नई संचेतना व नवीन शैली प्रदान की हैं उन्हें राधा कृष्ण का अवतार माना जाता है उन्होंने सभी मानव जाति को एकसूत्र पिरोने के लिए हरिनाम संकीर्तन की अलख जगाई।

उक्त कार्यक्रम के संबंध में चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल के संयोजक देवेंद्र नेमा ने बताया कि नाम संकीर्तन की अलख घरों घर जगाने व आमजन तक इसकी महिमा और गुणगान पहुँचाने के लिए संस्कारधानी के विभिन्न क्षेत्रों में नौ दिन प्रातः प्रभात फेरी का आयोजन पूर्ण श्रद्धा,समर्पण भाव के साथ किया गया । एक से बढ़कर एक कर्णप्रिय सुमधुर होली गीत पर गुंजायमान मंदिर प्रांगण में भक्तजन भावभोर होकर झूम उठे,तपश्चात पुष्प वर्षा कर महाआरती की गई,गुलाल तिलक लगाकर सभी धर्मावलंबियों का स्वागत किया गया ।इस अवसर,ज्योतिषाचार्य देवेंद्र त्रिपाठी,डॉ.सुधीर अग्रवाल,सत्यप्रकाश नामदेव,प्रभाकर चतुर्वेदी,सुरेश नागौद,कृष्णा नामदेव,मंजू दुबे,माधुरी विश्वकर्मा,नंदनी दुबे,पुष्पा पटेल,अल्का साहू,जमना देवी,राजकुमारी मिश्रा,रखा नामदेव,उत्तरा ठाकुर,सुरेश विश्वकर्मा, श्याम मनोहर पटेल,विशाल पंड्या,शिवम नामदेव, प्रवीण नेमा,विनोद नेपाली, पप्पू चौबे,पवन जसवाल,सुरेंद्र गिरी,जितेंद्र शर्मा नरेश, गुजराती,आदि उपस्थित रहे। सभी धर्मावलंबी का देवेंद्र नेमा आभार व्यक किया। दिनांक 13 मार्च को शिवकल्याण मंदिर में चैतन्य महाप्रभु जी का जन्मोत्सव शाम 5 बजे मनाया जाएगा एवं कार्यक्रम का समापन होगा।

**बून परिवार के अफ़्तार में शामिल हुए हर धर्म के लोग**

# जबलपुर में रोज़ा अफ़्तार दावतें बनी कौमी एकता की गवाह



तालिब हुसैन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पाक माह रमज़ान के मौके पर संस्कारधानी सदभावना की मिसाल बनी हुई है . ऐसा ही एक नज़ारा बून इलेक्ट्रॉनिक्स की अफ़्तार दावत में देखा गया. सलीम खान बून व अफ़ज़ाल खान की मेज़बानी में ज़ुबिन पैलेस में हुए अफ़्तार में सैंकड़ों रोज़ेदारों ने सामूहिक रूप से अफ़्तार किया. पूर्व विधायक विनय सक्सेना, भाजपा नेता एसके मुद्दीन, संजय नाहटकर, रूपा राव, पार्षद गुड्डू नबी, हाजी मकबूल अहमद रज़वी, एड. वाजिद हैदर, समाजसेवी मकबूल अहमद रज़वी, पीआर आई ( रेलवे) सादिक खान, ताहिर खान , अल्तमश खान, एड. मुहम्मद अली, एड. ए. उस्मानी, हाजी असरा खान , मेहबूब अली, वरिष्ठ पत्रकार रफीक खान, राशिद खान, शाहिद खान, प्रेस क्लब आफ वर्किंग जर्नलिस्टस जबलपुर के अध्यक्ष तालिब हुसैन, चाईल्ड वीडियो एडीटर मुहम्मद मुज़म्मिल हुसैन आदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही. मेज़बान सलीम खान बून व अफ़ज़ाल खान ने मेहमानों का स्वागत किया और दावत में आने के लिए उनका आभार व्यक्त किया. बाद अफ़्तार मग़रिब की नमाज़ अदा की गयी. उसके बाद देश व शहर की शांति खुशहाली व तरक्की के लिए दुआएं मांगी गयी. मौजूदा दौर में जब नफरत का माहौल बढ़ता जा रहा है ऐसे मौके पर रोज़ा अफ़्तार के बहाने लोगों को जोड़ने की पहल काबिले तारीफ़ है.

## जूडो- लिटिल चैम्प की छात्रा चयनित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। लिटिल चैम्प सीनियर सेकेंडरी स्कूल खजरी बायपास जबलपुर की प्राचार्या शायद अली में जानकारी देते हुए बताया कि 16 से 18 मार्च 2025 तक नहरू स्टेडियम इंदौर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय जूनियर प्रतियोगिता हेतु लिटिल चैम्प सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा सोमिया सिद्दीकी का चयन जिले की टीम में हुआ है। उल्लेखनीय है की छात्रा ने पिछले वर्ष इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय केडेट प्रतियोगिता में भी पदक अर्जित किए थे, यह छात्रा जिले के वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। इस सफलता पर शाला के उप प्राचार्य गौरी शंकर सार, अरशीन अंजुम, अल्फिया मुनीम आदि ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# मप्र का बजट वर्ष 2047 तक विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प से सिद्धि का विराट रोड मैप है- राकेश सिंह

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सर्वे भवन्तु सुखिनः की पवित्र भावना के साथ महापर्व होली के पूर्व आज विधानसभा में प्रस्तुत बजट वर्ष 2047 तक विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प की सिद्धि का विराट रोडमैप है, यह बात प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने प्रदेश के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कही। मंत्री श्री सिंह ने कहा पिछले वर्ष की तुलना में ऐतिहासिक रूप से 15 प्रतिशत वृद्धि के साथ प्रस्तुत 2025-26 का यह बजट राज्य को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।



उन्होंने कहा प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के कुशल नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को आत्मसात करते हुए डबल इंजन सरकार मध्यप्रदेश के अन्नदाता किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के समग्र उत्थान के लिए पूर्ण मनोयोग से सेवारत है।

**लोक निर्माण से लोक कल्याण**

श्री सिंह ने कहा लोक निर्माण से लोक निर्माण के मंत्र को चरितार्थ करते हुए बजट 2025-26 में मप्र में सड़को और पुलो के निर्माण एवं संधारण हेतु 13643 करोड़ का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा ग्रामीण सड़को एवं अन्य जिला मार्गो के निर्माण और उन्नयन के अन्तर्गत 2500 करोड़ का, मप्र सड़क विकास निगम (एनडीबी) के अन्तर्गत 1450 करोड़ का, मप्र सड़क विकास कार्यक्रम (एडीबी) के अंर्तगत 1315 करोड़ का, केंद्रीय सड़क निधि के अंर्तगत 1150 करोड़ का, वृहद पुलों के निर्माण के लिए 1000 करोड़ का, सड़को के सुद्रणीकरण हेतु 1000 करोड़ का, अनुरक्षण, मरम्मत हेतु 836 करोड़ का, एनयूटी के अंर्तगत 825 करोड़ का प्रावधान बजट में प्रस्तावित किया गया है। श्री सिंह ने प्रदेशवासियों की अपेक्षाओं, आकांक्षाओं व आवश्यकताओं के अनुरूप इस परिवर्तनकारी बजट के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी, उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा जी का धन्यवाद देते हुए प्रदेशवासियों को बधाई दी है।



भोपाल-सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग बुधवार 12 मार्च को अपेक्स बैंक परिसर के समन्वय भवन में सहकारिता विभाग में 25 कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति-पत्र सौंपेंगे। मंत्री श्री सारंग इसी के साथ ई-पेक्स के लिए एक दिवसीय हैंड्स ऑन रिफ्रेशर प्रशिक्षण सह संवेदीकरण कार्यक्रम के आयोजन का शुभारंभ भी करेंगे। प्रशिक्षण में सहकारिता विभाग, जिला बैंक एवं पेक्स के लगभग 650 प्रतिभागी शामिल होंगे। सहकारिता विभाग में कार्यरत विभिन्न कर्मचारियों के आकस्मिक देहावसान के बाद उनके आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने के लिये मंत्री श्री सारंग के निर्देशन में एक अभियान के रूप में कार्रवाही प्रारंभ की गई है।

# जीआईएस-भोपाल में ओडीओपी-एक्सपो से मिलेगी लोकल उत्पादों को वैश्विक पहचान-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल-आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि %एक जिला-एक उत्पाद% हमारे कारीगरों और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में आयोजित %एक जिला-एक उत्पाद% (ओडीओपी) एक्सपो ने स्थानीय कारीगरों और किसानों के उत्पादों को वैश्विक मंच प्रदान किया। जीआईएस-भोपाल में 38 जिलों के विशिष्ट ओडीओपी उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें परंपरा और नवाचार का अनूठा संगम देखने को मिला। जीआईएस-भोपाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडीओपी को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त पहल बताया। उन्होंने कहा कि हर जिले का एक खास उत्पाद उसकी सांस्कृतिक और आर्थिक पहचान बन सकता है। ओडीओपी कार्यक्रम से लोकल प्रोडक्ट्स को ग्लोबल ब्रांड बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस-भोपाल में ओडीओपी-एक्सपो से






हमारे स्थानीय उत्पादों, विशेष रूप से हस्तशिल्प और कृषि उत्पादों को वैश्विक मंच पर पहचान बनाने का अवसर मिला है। एक्सपो में ओडीओपी के लिए विशेष स्टॉल लगाए गए, जिन्हें लाइव काउंटर और प्रोसेस काउंटर में विभाजित किया गया। लाइव काउंटर में बाग प्रिंट, जरी जरदोजी, बटिक प्रिंट, कालीन, चंदेरी साड़ी, बांस, बलुआ पत्थर और कपड़े की जैकेट जैसे आठ प्रमुख उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया को कारीगरों ने लाइव प्रदर्शित किया। जीआईएस-भोपाल में आयोजन के दौरान विदेशी निवेशकों और उद्योगपतियों ने स्थानीय कारीगरों के हुनर को करीब से देखा और उनकी कार्यशैली को समझा। एक्सपो के 'कुम्हार पुरा' और 'टेक्निकल ज़ोन' के लाइव काउंटर भी प्रमुख आकर्षण का केंद्र बने रहे। ओडीओपी-एक्सपो में खाद्य, मसाले और फलों से जुड़े 38 जिला विशिष्ट उत्पादों को उनके निर्माण प्रक्रिया के साथ प्रदर्शित किया गया। इन उत्पादों की खरीद और निर्यात के अवसर भी उपलब्ध कराए गए। साथ ही, निवेशकों ने विशिष्ट उत्पादों के सेंपल लिए, जिससे भविष्य में व्यापारिक संबंध स्थापित होने की संभावना बढ़ी। मध्यप्रदेश में ओडीओपी के तहत विभिन्न जिलों के पारंपरिक, वस्त्र और कृषि उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इनमें बुरहानपुर का केला, ग्वालियर के आलू आधारित उत्पाद और स्टोन टाइल्स, खरगोन की मिर्च उत्पाद, मंदसौर के लहसुन उत्पाद, नीमच के धनिया उत्पाद, सतना के टमाटर आधारित उत्पाद, मुरैना की गजक और सरसों उत्पाद, इंदौर के आलू आधारित उत्पाद, भोपाल के अमरूद उत्पाद, चंदेरी की साड़िया, महेश्वर की साड़ियां और हथकरघा उत्पाद, टीकमगढ़ के मिट्टी शिल्प और हस्तशिल्प उत्पाद और धार के बाग प्रिंट शामिल है।बाग प्रिंट, बालाघाट का चिन्नौर चावल, दतिया और टीकमगढ़ बेल धातु का कार्य, चंदेरी साड़ी, गोंड पेन्टिंग, ग्वालियर के हैन्डमेड कारपेट, जबलपुर का पत्थर शिल्प, झाबुआ का कड़कनाथ, इंदौर के चमड़े के खिलौने, माहेश्वरी की साड़ी, मुरैना की गजक, रतलामी सेव, रीवा का सुन्दरजा, उज्जैन का बटिक प्रिंट, सीहोर का शरबती गेहूँ, वारासिवनी की हेण्डलूम साड़ी, डिण्डोरी के मेटल वर्क को जीआई टैग मिला है। एक्सपो में निवेशकों और स्थानीय उद्यमियों के बीच संवाद का अवसर मिला, जिससे प्रदेश के कारीगरों और उत्पादों को नए बाजारों तक पहुंचाने की नींव रखी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा विदेशी निवेशकों से हुए मेल-मिलाप ने प्रदेश के उत्पादों को ग्लोबल व्यावसायिक मंच देने की आधारशिला रखी गई है। जीआईएस, भोपाल में ओडीओपी-एक्सपो ने यह साबित कर दिया कि मध्यप्रदेश के पारंपरिक उत्पादों में वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता है। यह आयोजन स्थानीय उत्पादों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

**मंत्री कप क्रिकेट महाकुंभ - फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब बना राहतगढ़ मंडल का चैंपियन**

## भविष्य में सुरखी विधानसभा के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करेंगे - खाद्य मंत्री राजपूत



भोपाल-आरएनएस) सागर जिले की सुरखी विधानसभा में चल रहे मंत्री कप क्रिकेट महाकुंभ के तहत मंगलवार को राहतगढ़ मंडल के सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब राहतगढ़ और झिला आर.डी.एक्स. क्रिकेट क्लब के बीच रोमांचक फाइनल मुकाबला खेला गया। इस मैच में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब राहतगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच के दौरान स्टेडियम में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मंत्री श्री राजपूत ने विजेता टीम को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान किया। इसके अलावा, मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार भी वितरित किए गए।।

इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सागर कलेक्टर संदीप जी.आर. और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहवाल उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए परिचय लिया। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए यह क्रिकेट महाकुंभ आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह युवाओं को अनुशासन, मेहनत और टीम वर्क सिखाता है। इस तरह के टूर्नामेंट से नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और भविष्य में हमारे क्षेत्र के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करेंगे। इस प्रतियोगिता से निकले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को सागर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन में प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि वह खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को और निखार सके। उन्होंने सुरखी विधानसभा के युवा क्रिकेट प्रेमियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करने की भी बात कही।

**पशुओं की वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति पर हुई दो दिवसीय कार्यशाला**

## पशुओं की चिकित्सा के लिए वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियां भी आवश्यक- पशुपालन मंत्री पटेल



भोपाल आरएनएस) पशु पालन एवं डेयरी राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार श्री लखन पटेल ने कहा है कि पशुओं की बीमारियों के समुचित इलाज के लिए वैकल्पिक पशु चिकित्सा पद्धतियों का उपयोग भी आवश्यक है। वर्तमान में आधुनिक चिकित्सा पद्धति के कारण मनुष्यों एवं पशुओं में जीवाणु रोधी दवाइयां के प्रति प्रतिरोधकता का बढ़ना महामारी का रूप ले रहा है, जो एक भयानक वैश्विक खतरा बनता जा रहा है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति से एवं एंटीबॉयोटिक के दुरुपयोग से इसका दुष्प्रभाव मनुष्य एवं पशुओं में देखा जा रहा है, जिसके कारण एएमआर (एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस) की वैश्विक समस्या उत्पन्न हो गई है। अल्टरनेट वेटरिनरी प्रैक्टिस जैसे आयुर्वेद, होम्योपैथी, पारंपरिक चिकित्सा, यूनानी चिकित्सा इत्यादि का प्रयोग अत्यंत आवश्यक है, जिससे कम खर्च पर आसानी से पशुओं की बिना किसी दुष्प्रभाव के चिकित्सा की जा सकती है। पशु पालन राज्यमंत्री श्री पटेल ने मंगलवार को होटल पलाश रेसीडेंसी में पशुओं की वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश श्री महेंद्र सिंह, दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के श्री अभय महाजन, अध्यक्ष, वेटनरी काउंसिल ऑफ इंडिया डॉ. उमेशचंद शर्मा, संचालक, पशुपालन एवं डेयरी डॉ. पी एस पटेल आदि उपस्थित थे। कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों के 13 विषय विशेषज्ञ और लगभग 100 से अधिक विभागीय अधिकारी शामिल हुए। पशु पालन राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि भारत में आदिकाल से पारंपरिक एवं वैकल्पिक पशु चिकित्सा पद्धति का उपयोग किया जाता था, जिसे पुनः पशुओं की चिकित्सा में बढ़ावा देने एवं जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दो दिवसीय इस कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों के विचार मंथन से पशु चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुझाव आयेंगे।

# जल संरक्षण को बनाएं जन आंदोलन- मंत्री सिलावट

भोपाल आरएनएस) जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संकल्प है कि हर घर स्वच्छ पेयजल और खेती के लिए हर खेत तक पानी पहुंचे। इसके लिए प्रदेश में केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजनाओं के बाद ताप्ती मेगा बेसिन परियोजना बनाई जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न सिंचाई योजनाओं के माध्यम से सिंचाई के रकबे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। प्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए तालाब एवं अन्य जल स्त्रोतों के उन्नयन, विकास, गहरीकरण, जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करने और उनके आसपास पौधा-रोपण आदि के उद्धेश्य से प्रदेश में 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने प्रदेश में जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का जनता से आहवान किया।

जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने मंगलवार को प्रमुख अभियंता जल संसाधन कार्यालय के सभाकक्ष में अभियान की तैयारियों के संबंध में बैठक



ली। बैठक में अपर मुख्य सचिव जल संसाधन विभाग डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख अभियंता जल संसाधन श्री विनोद कुमार देवड़ा सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि जल संसाधन विभाग में प्रदेश में 32 वृहद, 120 मध्यम एवं 5 हजार 800 लघु जल संरचनाएं हैं। इनमें बनाए गए बांधों की नहर प्रणाली 40 हजार किलोमीटर की है जिनमें 16 हजार किलोमीटर पक्की और 24 हजार किलोमीटर कच्ची नहरें हैं। इन नहरों से सिंचाई के लिए खेतों तक पानी पहुंचाया जाता है। अभियान के अंतर्गत जल संरचनाओं की आवश्यक मरम्मत, सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य किया जाना है।

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन की समृद्धशाली परंपरा रही है। यहां की चंदेल कालीन जल संरक्षण प्रणाली न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व में प्रसिद्ध रही है। जल संसाधन संभाग छतरपुर में 44, टीकमगढ़ में 71 और पन्ना में 5 चंदेल/बुंदेलकालीन तालाब हैं। अभियान के अंतर्गत इन सभी का संरक्षण किया जाना है।

जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने निर्देश दिए कि प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए छोटी-छोटी योजनाएं बनाकर कार्य कराया जाए। आगामी बारिश के पूर्व प्रदेश के सभी पुराने बांधों एवं जल स्त्रोतों की मरम्मत सुनिश्चित की जाए। इसके लिए गत वर्ष में जिन-जिन तालाबों/ जल स्त्रोतों में क्षति हुई उनकी सूची बनाई जाए तथा उन जल स्त्रोतों का विशेष ध्यान रखा जाए। बांधों की सुरक्षा के लिए हर संभव उपाय किए जाएं।

जल संसाधन मंत्री ने विभाग के सभी मुख्य अभियंताओं को निर्देश दिए कि वे अपने बेसिन के अंतर्गत आने वाली जल संरचनाओं के संरक्षण एवं विकास का कार्य सुनिश्चित करें। जल संरक्षण एवं विकास कार्य में जन सहयोग लें। सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत तालाबों को रख-रखाव के लिए गोद दिया जा सकता है। जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के इस कार्य में समाज के सभी वर्गों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, धर्म गुरूओं, मीडिया आदि का पूरा सहयोग लिया जाए। जल संसाधन विभाग के अंतर्गत प्रदेश में 10 रिवर बेसिन (नदी कछार) हैं। सभी नहरों को विलेज मेप पर राजस्व विभाग की सहायता से मार्क किया जाना तथा विलेज मेप पर शासकीय नहर अंकित किया जाना।

## कांग्रेस में रहकर भाजपा के लिए काम करने वालों पर दिग्विजय ने किया बड़ा खुलासा

भोपाल (आरएनएस)। कांग्रेस में रहकर भाजपा के लिए काम करने वालों पर दिग्विजय ने किया बड़ा खुलासा, राहुल के बयान को भी सराहा कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने रविवार को पर्दे के पीछे से भारतीय जनता पार्टी का समर्थन करने वाले कांग्रेस नेताओं पर राहुल गांधी की ओर से एक दिन पहले की गई सख्त टिप्पणी की सराहना की. उन्होंने कहा कि गुजरातमें चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें हिंदुओं के नाराज होने के डर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (ऋस्स) के खिलाफ नहीं बोलने को कहा गया था. अहमदाबाद में शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा था कि पार्टी का पहला काम कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं के दो समूहों को अलग करना है. पहला जो पार्टी की विचारधारा को अपने दिल में रखते हैं और जनता के साथ खड़े हैं और दूसरे जो जनता से कटे हुए हैं, जिनमें से आधे भाजपा के साथ हैं.

भोपाल (आरएनएस)। आगामी त्यौहार होलिका दहन, धुलेंडी, रंगपंचमी, चैत्र नवरात्र, रमजान, ईद-उल-फित्तर आदि त्यौहारों के दौरान सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस आयुक्त श्री हरिनारायणाचारी मिश्र

**आयोग ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से अनिराकृत मुद्दों के लिए 30 अप्रैल 2025 तक मांगे सुझाव**

## भारत निर्वाचन आयोग, चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाने पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं से करेगा बातचीत

भोपाल आरएनएस) भारत निर्वाचन आयोग ने कानून ढांचे के अंतर्गत चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से ईआरओ, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय स्तर पर अनिराकृत प्रकरणों की 30 अप्रैल, 2025 तक जानकारी मांगी है। आयोग ने इस संबंध में राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत रूप से पत्र भी जारी किया है।

पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक सम्मेलन किया गया था। इसमें भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी। बैठक में उन्होंने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठक करने और प्राप्त सुझावों पर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए थे। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का आग्रह भी किया है।

चुनाव प्रकिया से संबंधित 28 हितधारक हैं, जिसमें राजनीतिक दल एक प्रमुख हितधारक है। जिन्हें संविधान और वैधानिक ढांचे के तहत चुनावी प्रक्रियाओं से जुड़े सभी पहलुओं में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यता दी गई है।

आयोग द्वारा राजनीतिक दलों को जारी किए गए पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960; चुनाव संचालन नियम, 1961; माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

## कांग्रेस के कई नेता बीजेपी से मिले हुए हैं, कार्रवाई होना चाहिए' राहुल गांधी के बाद अब सज्जन वर्मा बोले

भोपाल (आरएनएस)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के कांग्रेस के भीतर रहकर भाजपा के लिए काम करने वाले नेताओं पर टिप्पणी करने के बाद मध्य प्रदेश के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने भी इस विषय को छेड़ दिया है। उन्होंने भोपाल में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमारे कई नेता भाजपा के नेताओं से गठजोड़ करते हैं। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में ऐसे नेताओं ने पार्टी को नुकसान पहुंचाया। कई शिकायतें मिली हैं। अनुशासन समिति की बैठक बुलाकर ऐसे नेताओं पर कार्रवाई की जानी चाहिए। सज्जन सिंह वर्मा ने राहुल गांधी के बयान का समर्थन करते हुए मध्य प्रदेश के संदर्भ में कहा कि ऐसे लोगों को पार्टी से बाहर किया जाना चाहिए। ये लोग पार्टी के लिए घातक हैं। बकौल सज्जन वर्मा, ये नेता पद हमारे यहां लेते हैं और भाजपा से हाथ मिलाकर अपने ही उम्मीदवारों को हराने का काम करते हैं। ऐसी सैंकड़ों शिकायतें मिली हैं। अनुशासन समिति की बैठक बुलाकर ऐसे मामलों में कार्रवाई की जानी चाहिए। राहुल गांधी गुजरात में कांग्रेसियों को संदिग्ध बता रहे हैं और मध्य प्रदेश में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा उनकी बात का समर्थन करते हैं।

# भूख प्यास से हुई तीन गायों की मौत, पुलिस ने किया 4 लोगों पर मामला दर्ज

सिंगरौली (आरएनएस)। सिंगरौली जिले के चितरंगी क्षेत्र के ग्राम पंचायत धानी में कुछ लोगों ने निजी बाडा बनाकर गौवंश को बंधक बनाने के बाद उन्हें खाना पीना नहीं दिया, जिसके कारण तीन गौवंश की मौत होने की आशंका जताई गई है। लिहाजा गौवंश का पीएम करने के बाद बंधक बनाने वाले 4 लोगों के खिलाफमामला दर्ज कर लिया गया है. पूरा मामला चितरंगी क्षेत्र के ग्राम पंचायत धानी का है जहां निजी गौशाला में तीन गायों की मौत का मामला प्रकाश में आया है । जैसे ही गौवंश की मौत का मामला प्रकाश आया पूरे प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। लिहाजा मौके पर एसडीएम और तहसीलदार की टीम भी पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रथम दृष्टिया तीनों गौवंश के पीएम भी कराए गए हैं और यह भी जानने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिर उनकी मौत की वजह क्या है.

निजी बाडा में हुई गोवंश की मौत

चितरंगी क्षेत्र के ग्राम पंचायत धानी में जो तीन गौवंश की मौत हुई है वह कोई शासकीय गौशाला नहीं थी बल्कि निजी बाड़ा था सूत्रों के अनुसार पता चला है कि स्थानीय लोग जानवरों से काफी परेशान है क्योंकि उनके फसल आए दिन गोवंश खा ले रहे थे इसीलिए कुछ लोगों ने बाड़ा बनाकर गोवंशों को बाड़े के अंदर रखा। लेकिन उन्हें ना तो खाने के लिए भूसा दिया और ना ही पीने के लिए पानी , जिसके कारण आशंका जताई जा रही है कि उनकी मौत भूखे रहने कारण हुई है.

जिला कलेक्टर ने दिया बयान

जब इस मामले में जिला कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला से चर्चा की गई तो उन्होंने साफ किया कि, यह कोई शासकीय बाडा नहीं है बल्कि निजीवाड़ा बनाकर गौवंश को बंधक बनाया गया था।

# परामर्शदात्री समिति की बैठक में आए सुझावों पर होगी कार्यवाही-ऊर्जा मंत्री तोमर

भोपाल-आरएनएस)ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि ऊर्जा विभाग की परामर्शदात्री समिति की बैठक में विधायकों द्वारा दिये गये सुझावों पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी का मार्गदर्शन विभाग के लिये उपयोगी सिद्ध होगा।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि आरडीएसएस योजना की संभागवार समीक्षा करेंगे। समीक्षा में विधायकों को भी ऑनलाइन जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि मीटर आधारित कनेक्शन देने पर विचार किया जाएगा। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में आ रही समस्याओं




के निराकरण में ऊर्जा विभाग नम्बर एक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में विद्युत की निरंतर बढ़ती मांग की पूर्ति के लिये पर्याप्त बिजली उपलब्ध है।

अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मण्डलोई ने गत् एक वर्ष में विभाग द्वारा किये गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में वर्तमान में कुल विद्युत?उत्पादन क्षमता में राज्य का अंश 23 हजार 788 मेगावॉट है। राज्य में पिछले 5 वर्षों में प्रति व्यक्ति बिजली की खपत 1086 यूनिट से बढ़कर 1332 यूनिट हो गई है। यह प्रदेश के विकास का द्योतक है। बैठक में टीकमगढ़ के विधायक श्री यादवेन्द्र सिंह, कटंगी विधायक श्री गौरव सिंह पारधी, पिपरिया विधायक श्री ठाकुरदास नागवंशी और कालापीपल विधायक श्री घनश्याम चंद्रवंशी ने ऊर्जा विभाग के कार्यों में सुधार संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिये। उन्होंने क्षेत्रीय समस्याओं से भी अवगत कराया।

उप सचिव ऊर्जा श्री मंदार पुराणिक ने पॉवर पॉइन्ट प्रेजेन्टेशन से विभागीय योजनाओं की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर एमडी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी श्री क्षितिज सिंघल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।

यह संपूर्ण विश्व भगवान श्रीविष्णु की शक्ति से ही संचालित है। वे निर्गुण भी हैं और सगुण भी। वे अपने चार हाथों में क्रमशः शंख, चक्र, गदा और पद्म धारण करते हैं। जो भी किरीट और कुण्डलों से विभूषित, पीताम्बरधारी, वनमाला तथा कौस्तुभमणि को धारण करने वाले, सुंदर कमलों के समान नेत्र वाले भगवान श्रीविष्णु का ध्यान करता है वह भव बन्धन से मुक्त हो जाता है। भक्तिपूर्वक देवदेव विष्णु की एक बार प्रदक्षिणा करने वाला व्यक्ति सारी पृथ्वी की परिक्रमा करने का फल प्राप्त करके बैकुण्ठ धाम में निवास करता है। जिसने कभी भक्ति भाव से भगवान लक्ष्मीपति को नमस्कार किया है,



## रेरा मकान खरीदारों को राहत नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने स्वागतयोग्य हस्तक्षेप किया है। न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के फिरौती वसूली' जा रही है। पूर्व यूपीए सरकार के समय जब रियल एस्टेट विनियमन प्राधिकरण (रेरा) कानून पारित हुआ, तो उससे मकान खरीदारों में ऊंची उम्मीदें जगी थीं। कहा गया था कि अब आखिरकार ज्यादातर मध्य वर्ग के खरीदारों को बिल्डरों की तिकड़मों से मुक्ति मिलेगी। मगर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में जो जाहिर हुआ और उस पर न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लाचार मकान खरीदारों' से फिरौती वसूली जा रही है। कोर्ट ने जो सवाल पूछे हैं, उनमें एक यह भी है कि खरीदारों को रेरा से क्या राहत मिली है? हालांकि कोर्ट में सुनवाई एनसीआर से जुड़े मामलों की हो रही थी, लेकिन अंदाजा लगाया जा सकता है कि जो हाल यहां है, बाकी जगहों के खरीदारों की स्थिति उससे बेहतर नहीं होगी। इसलिए सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का संदर्भ बड़ा है। कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि वह बिल्डर- बैंक मिलीभगत की पूरी जांच करे। जजों ने इसके लिए विशेष जांच दल बनाने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि बिल्डरों और खरीदारों को कर्ज देने वाले बैंकों ने मिल कर खरीदारों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। इनकी वजह से आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने में देर हुई है। कोर्ट ने खास चिंता उन मामलों पर जताई, जिनमें रियल एस्टेट कंपनियों ने दिवालिया प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# भक्त प्रहलाद की भक्ति भाव से दैत्यराज हिरण्यकशिपु का घमंड टूटा

दैत्यराज एवं पुरोहित सहित राजकुमार, सब लोग एक ही साथ सभा में पहुंचे और सबका यथोचित स्वागत अभिवादन आदि हुआ। प्रह्लाद जी ने पिता के चरणों में प्रणाम किया। दैत्यराज ने उनको आशीर्वाद दे अपने आसन पर बैठने की आज्ञा दी। राजसभा ठसाठस भरी थी, हिरण्यकशिपु की राजसभा समस्त ऐश्वर्य की मूर्तिमान छटा थी, परंतु दैत्यराज की उदासीनता से सारी की सारी सभा उदासीन सी प्रतीत हो रही थी। भावी शोक की छाया मानो सबके हृदयों पर पड़ रही थी। सारे सभासद चुपचाप बैठे थे, कोई किसी से कुछ भी कहता सुनता नहीं था।

राजसभा शांत थी, दैत्यराज भी चुपचाप बैठे थे, इसी बीच में दैत्य गुरुओं ने पाठशाला में छात्रों को प्रह्लाद द्वारा दी जाने वाली हरिभक्ति रूपी राजद्रोही वक्तृताओं का समाचार सुनाया। दैत्यराज का चित्त ब्रह्मशाप के प्रभाव से पहले से ही भय और शोक से संतप्त हो रहा था। अतः जैसे ही उसने गुरुवरों के मुख से प्रह्लाद की बातें सुनीं, वैसे ही उसके शरीर में आग सी लग गयी। उसने क्रोधपूर्ण विकराल नेत्रों से प्रह्लाद की ओर देखा और कहा रे दुष्ट, क्या अभी तक तेरी मूर्खता नहीं गयी? क्या अब भी अपनी दुष्टता छोड़कर मेरी आज्ञा का पालन नहीं करेगा? मेरा यह अंतिम आदेश है कि तीनों लोक का एकमात्र मैं ही स्वामी हूं, इसलिए तू मुझको ही ईश्वर मान और मेरी ही पूजा कर, उस दुष्ट शत्रु गोविन्द का नाम छोड़ दे। दैत्यराज के वचन समाप्त होते ही राजपुरोहितों ने भी उनकी ही हां में हां मिला दी। पिता एवं पुरोहित जी के वचन सुनकर परम भागवत प्रह्लाद जी हंसते हुए कहने लगे- बड़े आश्चर्य की बात है कि वेद वेदांत के जानने वाले विद्वान ब्राह्मण, जिनको सारा संसार आदर की दृष्टि से देखता और पूजता है वे भी



भगवान की माया से मोहित हो धृष्टता के साथ अभिमान के साथ इस प्रकार की अनर्गल बातें कहते हैं।

प्रह्लाद जी के निर्भीक और ओजस्वी वचनों को सुनकर दैत्यराज के शरीर में आग लग गयी। क्रोध के मारे उसके सारे अंग कांपने लगे और वह तिरछी नजर से प्रह्लाद की ओर देखता हुआ बोला, रे दुष्ट राजकुमार, बता जिसकी तू इनती प्रशंसा करता है वह तेरा विष्णु है कहां? यदि तेरा विष्णु सर्वव्यापी है तो क्या इस राजसभा में भी है? यदि है तो दिखला कहां है? यदि नहीं दिखलाता तो अब तेरा अंत समय आ गया। अब तक हमने तुझको अपना सुपुत्र मानकर अपने हाथों वध करना उचित नहीं समझा था, किंतु अब ऐसा प्रतीत होता है कि तेरी मृत्यु हमारे ही हाथ है। शीघ्र बतला और दिखला तेरा विष्णु कहां है? मेरी आज्ञा का उल्लंघन करने वाले तुझको मैं अभी यमलोक पहुंचाता हूं। तू किसके बल पर निडर हो कर मेरी आज्ञा का उल्लंघन कर रहा है? प्रह्लाद जी बोले, हे महाराज जिन्होंने ब्रह्मा से लेकर एक तिनके तक समस्त जगत को अपने वश में कर रखा है। वे भगवान ही मेरे बल हैं, मेरे ही नहीं आपके और अन्य सभी के बल भी वे ही हैं। वे ही महापराक्रमी भगवान ईश्वर हैं, काल हैं और ओज हैं, वे ही साहस, सत्व, बल, इन्द्रिय और आत्मा हैं, वे ही तीनों गुणों के स्वामी अपनी परम शक्ति से विश्व की सृष्टि, पालन और संहार करते हैं। आप अपने इस आसुरी भाव को छोड़कर सबमें समभाव परमात्मा को देखिये। फिर आपको पता लगेगा कि आपका ही क्या किसी का भी कोई शत्रु नहीं है।

प्रह्लाद के वचनों को सुनकर हिरण्यकशिपु क्रोध से अधीर हो उठा और बोला, रे मन्दभागी अब निश्चय ही तेरे मरने की इच्छा है। अच्छा तू कह रहा है कि विष्णु इस सभा में है। क्या इस सामने वाले खम्भे में भी है, यदि है तो जल्दी दिखला, नहीं तो अब हम तेरा सिर इसी तलवार से धड़ से अलग करते हैं। प्रह्लाद जी बोले, पिताजी आप शांत हों, क्रोध न करें। मैंने मिथ्या नहीं कहा, देखिये, मुझे तो इस खम्भे में भी वे स्पष्ट दिखलायी पड़ते हैं। यह सुनकर दैत्यराज हिरण्यकशिपु राजसिंहासन से सहसा कूद पड़ा और क्रोध के आवेश में प्रह्लाद जी को कटु वचन कहता हुआ खड्ग लेकर रत्नों एवं मोतियों से जड़े सामने के खम्भे की ओर लपककर उस पर बड़े जोर से एक ऐसा प्रहार किया कि जिससे न केवल राजसभा ही बल्कि सारा भूमण्डल डगमगा गया। मुष्टि प्रहार से सहसा भूमण्डल में भारी भूकंप-सा आ गया। तभी दैत्यराज ने सहसा खम्भे को फूटते हुए देखा। अपने भक्त प्रह्लाद के वचनों को और अपनी सर्वव्यापकता को प्रत्यक्ष स्पष्ट सिद्ध करने के लिए भगवान श्रीहरि सभा के बीच स्तम्भ के भीतर से प्रकट हो गये। दैत्यराज ने आश्चर्य के साथ अद्भुत नरसिंह रूप को देखा।

# अमेरिका ने वैश्विक आर्थिक नीतियों पर लिया यू टर्न

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारत के पूंजी (शेयर) बाजार से अपना निवेश अक्टूबर 2024 माह से लगातार निकाल रहे हैं। फरवरी 2025 माह में भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा 34,574 करोड़ रुपए (397 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक) की राशि का निवेश भारतीय शेयर बाजार से निकाला गया है। वर्ष 2025 में अभी तक 137,000 लाख करोड़ रुपए (1,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर) से अधिक की राशि का निवेश भारतीय शेयर बाजार से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा निकाला जा चुका है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार से अपना निवेश निकालने के पीछे कई कारण गिनाए जा रहे हैं। सबसे पहिले तो वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम एवं द्वितीय तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर में आई गिरावट एक मुख्य कारण रही इसके बाद सितम्बर 2024 तिमाही में भारतीय कम्पनियों की लाभप्रदता में आई कमी को दूसरे कारण के रूप में देखा गया। परंतु अब तो अमेरिका में नव निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रम्प के प्रशासन द्वारा टैरिफ के संदर्भ में की जा रही नित नयी घोषणाओं को भी एक महत्वपूर्ण कारण माना जा रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में आयात किए जाने वाले विभिन्न उत्पादों पर टैरिफ की दर को बढ़ा दिया गया है और अब यह घोषणा भी की जा रही है कि भारत सहित विभिन्न देशों द्वारा अमेरिकी उत्पादों के आयात पर लगाए जाने वाले टैरिफ की तरह ही अमेरिका भी इन समस्त देशों से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर 2 अप्रेल 2025 से टैरिफ लगाएगा। ट्रम्प प्रशासन का तो यहां तक कहना है कि भारत अपने देश में होने वाले कुछ उत्पादों के आयात पर तो 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है

# विदेशी आक्रांताओं के शुभचिंतकों को सनातन भूमि में रहने का हक नहीं, समझे सरकार! करे कार्रवाई!

सनातन भूमि भारतवर्ष, जिसे जम्बूद्वीप, आर्यावर्त, आसेतु हिमालय आदि विभिन्न नामों से पुकारा गया है, में मुस्लिम आक्रमणकारियों और ब्रिटिश आतताई अधिकारियों के महिमामंडन का जो सियासी होड़ जब-तब मची रहती है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। सवाल है कि इनसे जुड़े विभिन्न प्रतीक चिन्हों-स्मारकों आदि, इनके नाम पर बसाए गए गांवों-शहरों, नामांकित सड़कों या विभिन्न संस्थानों को मिटा क्यों नहीं दिया जाता, क्योंकि ये सनातन भूमि पर रिसते घाव की मानिन्द हैं। यक्ष प्रश्न यह भी है कि आज इनकी जरूरत क्या है, किनको है और क्यों है? और यदि है तो फिर ऐसे देशद्रोहियों की यहां जरूरत है? यदि बाबर, अकबर, औरंगजेब जैसे क्रूर मुस्लिम शासकों या जनरल डायर जैसे क्रूर ब्रिटिश अधिकारियों या फिर ओसामा बिन लादेन, कसाब जैसे क्रूर आतंकवादियों का, पाकिस्तान-बंगलादेश जैसे फिरकापरस्त ताकतों के शुभचिंतक यहां हैं तो भारतीय प्रशासन का यह पहला कर्तव्य है कि राष्ट्रहित में इनकी शिनाख्त करे और इन्हें राष्ट्रीय सीमा से बाहर करे।

यह अहम बात है कि जब तक ये बाहर नहीं हो जाते, तबतक इनको मताधिकार और राष्ट्रीय जनसुविधाओं से वंचित किया जाए। इनके भारतीय पहचान पत्र निरस्त किये जाएं। क्योंकि सुलगता सवाल है कि भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में जब कोई नेता या बुद्धिजीवी सिर्फ मजहबी कारणों से जुल्मियों का महिमामंडन करने का दुस्साहस करे, तो इनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करना भारतीय प्रशासन का पहला कर्तव्य होना चाहिए। क्योंकि इस पवित्र हिन्दू भूमि पर ऐसा करते रहने की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती है! ऐसे देशद्रोही, सनातन द्रोही तत्वों के खिलाफ भारतीय नेताओं और प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। इस दिशा में कोई लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए, अन्यथा इनके हौसले बढ़ेंगे।

कहना न होगा कि जब हम इंडिया कहते हैं तो उसका अभिप्राय अफगानिस्तान, पाकिस्तान, तिब्बत, वर्मा, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव समेत भारत के उस विशाल भूभाग से लिया जाता है, जो भारतीय उपमहाद्वीप के रूप में सुप्रसिद्ध हिन्दू भूमि है। यदि आप महाभारत को पढ़ेंगे तो पता चलेगा कि यह पूरी दुनिया ही सनातनी थी, देवत्व मिजाजी थी और जो दानव या असुर मिजाजी थे, वो हिंदुओं से अलग होते गए। फिर भी आर्यावर्त में हिंदुत्व का दबदबा हमेशा बना रहा। इसलिए चाहे मुस्लिम आक्रमणकारियों का जत्था रहा हो या ब्रिटिशर्स ईसाइयों की फौज और उससे जुड़े लोग, जो यहां पर विदेशी आक्रमणकारी बनकर आए, यहां के शांतिप्रिय लोगों पर जुल्म ढाए और फिर यहीं रच-बस गए हैं। इन्होंने हथियार के बल पर धर्मांतरण कराया और सनातन मंदिरों उनके संरक्षक रजवाड़ों को नष्ट किया।

चूंकि ये सभी बाहरी आक्रांता हैं, मंगोल या अरब से आये हैं, इसलिए इनकी असली जगह इनके मूल देशों में है, न कि सनातन भूमि में! क्योंकि इनकी सहानुभूति भारत से नहीं, बल्कि उन्हीं मुल्कों से है।

## तिरुपति बालाजी मंदिर में दिया जाता है बालों का दान, जानिए कब और कैसे शुरू हुई ये परंपरा

जैसा कि आप सभी जानते होंगे कि तिरुपति मंदिर में बाल दान करने की परंपरा काफी पुरानी है। यह भारत के सबसे प्राचीन मंदिरों में से एक तिरुपति बालाजी मंदिर है। तिरुपति बालाजी का यह पवित्र धाम श्री वेंकटेश्वर स्वामी को समर्पित है। माना जाता है कि इस मंदिर में एक बार दर्शन करने मात्र से ही जातक के सभी पापों का अंत हो जाता है। यह आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले की तिरुमाला पर्वत पर स्थित है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि तिरुपति मंदिर में बाल दान करने की परंपरा की शुरूआत कब और कैसे हुई। एक समय की बात है कि भगवान वेंकटेश्वर नीलाद्रि पर्वत पर सो रहे थे। उसी समय देवी नीलाद्रि वहां पहुंची और उन्होंने देखा कि वेंकटेश्वर जी के सिर पर एक धब्बा है। इस धब्बे को ढकने के लिए उन्होंने अपने बालों को खींच लिया और उसे भगवान वेंकटेश्वर के सिर पर लगा दिया। जिससे कि उनकी सुंदरता और भी ज्यादा निखर सके। वहीं जब जगत के स्वामी उठे तो देखा कि उनके उस स्थान से खून निकल रहा है, जहां पर वह धब्बा था और दूसरी तरफ देवी नीलाद्री के सिर से भी खून निकल रहा है।

# आम हिंदुओं के निशाने पर समूचा विपक्ष

हरिशंकर व्यास

कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों ने सिर्फ महाकुंभ का नैरेटिव मिस नहीं किया, बल्कि यहां भी ऐतिहासिक गलती कर बैठे, जिससे समूचा विपक्ष आम हिंदुओं के निशाने पर आया। विपक्ष के चुनिंदा नेताओं को छोड़ दें तो ज्यादातर नेता महाकुंभ से गैरहाजिर रहे। किसी ने उस विशाल आयोजन का हिस्सा बनने की कोशिश नहीं की और न सामान्य हिंदू की तरह महाकुंभ में जाकर त्रिवेणी के संगम पर डुबकी लगाने का जतन किया। इतना ही जिस दिन से महाकुंभ शुरू हुआ उस दिन से कांग्रेस का इकोसिस्टम प्रचार करता रहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा स्नान करने आएंगे।

पार्टी की ओर से कई बार ढके छिपे तरीके से कार्यक्रम भी बताया गया। एक बार तो प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने एक कार्यक्रम में एक तारीख बताते हुए कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के बारे में कहा कि हम सब प्रयागराज आ रहे हैं। लेकिन राहुल और प्रियंका स्नान करने नहीं गए। इसके बाद कांग्रेस के नेता बताते रहे कि प्रियंका ने कब संगम में डुबकी लगाई थी और सोनिया गांधी कब पवित्र स्नान के लिए पहुंची थीं। कुछ अति उत्साही कांग्रेस समर्थक सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स ने पंडित नेहरू की भी महाकुंभ में स्नान करते हुए तस्वीरें साझा कीं। लेकिन महाकुंभ इतिहास तो है यह तो जितना इतिहास है उतना ही समकालीन भी है। कांग्रेस हो सकता है कि इतिहास में इसका हिस्सा रही लेकिन समकालीन घटनाक्रम का भी तो हिस्सा बनना होगा।

अगर कांग्रेस नेताओं को महाकुंभ नहीं जाना था तो जाने की झूठी खबरों का प्रचार भी नहीं कराना चाहिए था। अगर प्रचार कराया तो वहां चले जाना चाहिए था, उससे देश भर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मुंह नहीं छिपाना पड़ता। गांवों में उनसे जवाब देते नहीं बन रहा है। वे किसी तरह पुरानी बातों से बचाव कर रहे हैं। सोशल मीडिया में कुछ समझदार लोग कह रहे हैं कि 12 साल पहले 2013 के महाकुंभ में नरेंद्र मोदी या योगी आदित्यनाथ या अमित शाह में से कोई भी डुबकी लगाने नहीं गया था। लेकिन क्या तब सोनिया, राहुल और प्रियंका गए थे? अगर गए थे तो बताना चाहिए ताकि लोगों को पता चले कि जो सत्ता में होता है वही कुंभ जाता है!

ऊपर से कोढ़ में खाज की तरह कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के नेता महाकुंभ को लेकर अनाप शनाप बयान देते रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने सवाल उठा दिया कि महाकुंभ जाने से क्या देश की गरीबी खत्म हो जाएगी। किसी भी धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन से देश की गरीबी नहीं खत्म होने वाली है।

## बांके बिहारी मंदिर में नहीं की जाती है मंगला आरती

वृंदावन का बांके बिहारी मंदिर भक्तों के लिए बेहद खास है। यहां पर हर रोज भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। वैसे तो इस मंदिर को लेकर कई रहस्य हैं, लेकिन इस मंदिर से जुड़ा एक अनोखा सच आपको सोचने पर मजबूर कर देगा। आज हम आपको बांके बिहारी मंदिर में होने वाली मंगला आरती के बारे में बताने जा रहे हैं, जो इस मंदिर में नहीं होती है। वैसे तो हर मंदिर में मंगला आरती होती है, लेकिन बांके बिहारी मंदिर में रोजाना सुबह मंगला आरती का आयोजन नहीं होता। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि बांके बिहारी मंदिर में मंगला आरती क्यों नहीं होती है। पौराणिक कथा के अनुसार, बांके बिहारी मंदिर रोज मंगला आरती नहीं होती है। क्योंकि रात के समय ठाकुर जी निधिवन में गोपियों संग रास रचने के लिए जाते हैं। फिर वह रात के तीसरे पहर में ठाकुर जी मंदिर पहुंचते हैं। इस मंदिर में ठाकुर जी की बाल रूप में सेवा होती है। इसी वजह से उनको सुबह देर से उठाया जाता है।

# अमेरिका की खनिजों को लेकर साम्राज्यवादी सोच

अभी पिछले दिनों ही ट्रम्प ने कनाडा को अमेरिका 51 वां राज्य कहकर संबोधित किया है। उधर कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो साफ साफ कह चुके हैं कि अमेरिका की नजर कनाड़ा की खनिज संपदा पर है और वह कनाड़ा को अमेरिका का 51वां राज्य बनने के लिए दबाव बनाये हुए हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नजर अब दुनिया के खनिज संपदा संपन्न देशों की और है। ट्रम्प का यह अब यह छिपा एजेण्डा भी नहीं रहा क्योंकि यूक्रेन को सहायता के बदले उसकी खनिज संपदा के प्रबंधन का जिम्मा अमेरिका लेने के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की पर लगातार दबाव ड़ाल रहे हैं। यूक्रेन 500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की खनिज संपदा को लेकर अमेरिका के साथ समझौता करने को भी लगभग तैयार हो गया पर पिछले दिनों जेलेंस्की की अमेरिका यात्रा के दौरान ट्रम्प और जेलेंस्की में जिस तरह की कड़बाहट भरी नोकझोंक हुई है उसने इस डील को फिलहाल तो कमजोर कर दिया है। हांलाकि यूक्रेन के जेलेंस्की ने यूरोप यात्रा के दौरान राष्ट्रहित में अमेरिका के साथ समझौता करने पर लगभग सहमति वाली बात कही है। उधर रुस नहीं चाहता कि इस तरह का कोई समझौता अमेरिका व रुस के बीच हो, यही कारण है कि रुस ने भी रुस की खनिज संपदा को लेकर अमेरिका से समझौते के लिए खुला निमंत्रण दे दिया है। दरअसल अमेरिका स्वय खनिज संपदा संपन्न देष है। इसके साथ ही खनिज संपदा के मामलें में देखा जाए तो अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता देश है। इसके साथ ही अमेरिका खनिजों खासतौर से दुर्लभ खनिजों के मामलें में चीन का बर्चस्व चीन पर निर्भरता खत्म या यों कहे कम करना चाहता है। इसी कारण से दुनिया के खनिज संपदा संपन्न देशों पर ट्रम्प की ललचाई नजर साफ दिखाई दे रही है। अभी पिछले दिनों ही ट्रम्प ने कनाडा को अमेरिका 51 वां राज्य कहकर संबोधित किया है। उधर कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो साफ साफ कह चुके हैं कि अमेरिका की नजर कनाड़ा की खनिज संपदा पर है और वह कनाड़ा को अमेरिका का 51वां राज्य बनने के लिए दबाव बनाये हुए हैं। हांलाकि जस्टिन ट्रूडो इसको ट्रम्प का दिवा स्वप्न ही बता रहे हैं। उधर अमेरिका एन केन प्रकारेण अफगानिस्तान में प्रवेश करना चाहता है जहां की खनिज संपदा को वह हथिया सके।

हांलाकि तालिबानियों के रहते फिलहाल तो ऐसा संभव नहीं लग रहा है। यह दूसरी बात है कि अमेरिका-रुस के बीच बन रहे नए समीकरणों का भविष्य क्या रहता है? इस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। देखा जाए तो अर्वाचिन काल से ही खनिज संपदा का अपना महत्व रहा है। पर इलेक्ट्रोनिक युग में दुनिया के देशों के लिए खनिज संपदा का महत्व और मांग तेजी से बढ़ गई है। आज विकास की परिकल्पना को खनिजों की उपलब्धता के आधार पर ही साकार किया जा सकता है। नए युग की आवश्यकताओं की पूर्ति इन रेयर खनिजों से ही संभव हो पा रही है। एक समय था जब सोना, चांदी, तांबा आदि की और अधिक ध्यान केन्द्रीत होता था आज उसका स्थान दुर्लभतम खनिज लेते जा रहे हैं। इसका कारण भी साफ है। उर्जा के क्षेत्र में लगभग 90 प्रतिशत, औद्योगिक क्षेत्र में करीब 80 प्रतिशत, कृषि क्षेत्र में 70 प्रतिषत तक कच्चे माल या सहायक के रुप में भूगर्भ की खनिज संपदा की भागीदारी है। आज दुनिया के 90 प्रतिशत रेयर अर्थ पर चीन की मोनोपोली है। दुनिया में खनिज संपदा के क्षेत्र में चीन शीर्ष पर है। चीन में 4.6 बिलियन टन प्रतिवर्ष, दूसरे नंबर में अमेरिका 2.2 बिलियन टन, तीसरे नंबर पर रुस 1.7 बिलियन टन और चौथे नंबर पर आस्ट्रेलिया 1.4 बिलियन टन सालान खनिज संपदा का उत्पादन कर रहे हैं। चीन की संपन्नता का इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि दूसरे नंबर के अमेरिका की तुलना में चीन में लगभग दो गुणा अधिक खनिज संपदा का उत्पादन हो रहा है।

कनाडा और यूक्रेन के प्रति अमेरिकी नीति से यह साफ हो जाता है। अमेरिका यूक्रेन की रेयर अर्थ एलिमेंट संपदा के नियंत्रण के माध्यम से खनिजों के क्षेत्र में चीन को पीछे छोड़कर स्वयं का नियंत्रण बनाना चाहता है। कनाड़ा में भी सोना, चांदी, निकल, तांबा, यूरेनियम, पोटाश, कोबाल्ट, हीरा आदि के प्रचुर भण्डार है तो यूक्रेन में भी रेयर खनिजों के भण्डार धरती के गर्भ में समाये हुए हैं। यूक्रेन में ग्रेफाइट, लिथियम, आदि रेयर अर्थ के भण्डार है। लिथियम के 19 मिलियन टन भण्डार होने के साथ ही विष्व के प्रमुख पांच ग्रेफाइट उत्पादक देशों में यूक्रेन है। यूक्रेन में आरईई के 17 तत्वों के समूहों वाले खनिजों में से बहुतायत में भण्डार है। अफगानिस्तान के साथ अमेरिका 2017 में समझौता कर चुका है पर तालिबान के प्रवेश के कारण अमेरिका का सपना अधूरा रह गया। हांलाकि 2021 में भी अफगानिस्तान से समझौते की पहल अमेरिका से कर चुका है। अभी भी अमेरिका की अफगानिस्तान की खनिज संपदा पर पूरी नजर है और अमेरिकी-रुस नजदीकी के प्रयास इस दिशा में आगे बढ़ेंगे। यह साफ है कि आज रिचार्जेबल बेटरी, मोबाईल, कम्प्यूटर चिप, हवाई जहाज के उपकरणों में उपयोग होने वालों के साथ ही उर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपयोग के खनिज भण्डार है। दुनिया के देश आज कच्चे माल के रुप में चीन पर निर्भर है। चीन पर निर्भरता कम करने के साथ ही अमेरिका अपना वर्चस्व बनाने के लिए संभावित सभी देशों पर योजनावद्ध तरीके से दबाव बना रहा है ताकि बदलती औद्योगिक सिनेरियों में अमेरिका की तूंती और अधिक तेजी से बज सके और अन्य देश अमेरिका पर निर्भर हो सके। अमेरिका खनिज संपदा का आर्थिक सामाजिक और औद्योगिक विकास का प्रमुख आधार बनाना चाहता है और इस तरह से वह अपना वर्चस्व कायम करने के लिए योजनावद्ध तरीके से आगे बढ़ रहा है।

# -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशिः आज आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा। कार्यों में आ रही समस्याएं आज समाप्त हो जाएंगी। आज गुस्से में किसी से बात करने से आपको बचना चाहिए।

वृष राशिः आज ऑफिस में एक्सट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम पूरा हो जाएगा। आज किसी तरह के विवाद में पड़ने से आपको बचना चाहिए।

मिथुन राशिः आज खास खबर मिलने के योग हैं। लॉ स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई-लिखाई में थोड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं, जो कि उनके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको अपने खान-पान में थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है।

कर्क राशिः आज नए कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी अधिक मजबूत होगा। बच्चों के साथ आप कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे।

सिंह राशिः आज आपकी कंपनी को किसी बड़ी कंपनी से डील करने का ऑफर मिलेगा। संगीत से जुड़े लोग किसी कॉन्सर्ट में हिस्सा लेंगे। घर पर अचानक किसी मेहमान के आने की संभावना है।

कन्या राशिः आज आपकी सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। व्यापार के सिलसिले में आज आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है। संतान पक्ष से सुख की अनुभूति होगी,

तुला राशिः आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। घर पर किसी दोस्त की पार्टी का इनविटेशन आ सकता है।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला साबित होगा। आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। आज सोशल साइट के जरिये नए लोगों से आपका संपर्क होगा।

धनु राशिः आज पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। हर किसी से निजी समस्याओं को शेयर करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि की महिलाओं को शाम को बाहर निकलते समय अपने पर्स का खास ध्यान रखना चाहिए।

मकर राशिः आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और उससे अपनी दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन फेवरेबल है। आपको सफलता जरूर मिलेगी।

कुंभ राशिः आज व्यापार के मामले में आपके मन में नए-नए विचार आएंगे । किसी काम में बड़े भाई की सलाह फायदेमंद साबित होगी। आज परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा।

मीन राशिः आज आपको परिवार वालों का पूर्ण स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा। आपके कुछ मित्र बहुत ही मददगार साबित होंगे। आज ऑफिस में आपके ड्रेस की तारीफ होगी,



संसद का बजट सत्र चल रहा है। बजट सत्र के दूसरे चरण के तीसरे दिन आज दोनों ही सदनों में सामान्य कामकाज हुआ। हालांकि, राज्यसभा की बैठक निर्धारित समय से करीब 2 घंटा पहले ही स्थगित कर दी गई। इसको लेकर उच्च सदन के सदस्यों ने आग्रह भी किया था। संसद ने बुधवार को खनिज तेल उत्खनन के लिए 'सिंगल परमिट' प्रणाली लाने और समग्र ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लक्ष्य वाले विधेयक को मंजूरी प्रदान की। सरकार ने आज बताया कि महिलाओं, बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा के मामलों की सुनवाई के लिए 745 विशेष अदालतें कार्यरत है।



# अब सीता माता का भव्य मंदिर बनाया जाएगा-अमित शाह

अहमदाबाद (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के विकास में मिथिलांचल और बिहार के लोगों के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र प्राचीन काल से लोकतंत्र और दर्शन को सशक्त बनाने का केंद्र रहा है। अहमदाबाद में 'शाश्वत मिथिला महोत्सव 2025' को संबोधित करते हुए अमित शाह ने यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने सीता माता का एक भव्य मंदिर बनाने का भी वादा किया।

अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा, जब मैं लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार गया था, तो मैंने कहा था कि राम मंदिर तो बन गया है, अब सीता माता का भव्य मंदिर बनाने की बारी है। उन्होंने आगे कहा कि यह मंदिर पूरी दुनिया को नारी शक्ति का संदेश देगा और यह बताएगा कि जीवन को हर तरह से आदर्श कैसे बनाया जा सकता है।

केंद्रीय मंत्री ने गुजरात में बसे मिथिलांचल और बिहार के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे राज्य में पूरी तरह से सुरक्षित, सम्मानित और स्वागत योग्य हैं। उन्होंने गुजरात के विकास में उनके योगदान की विशेष रूप से प्रशंसा की। मिथिला की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए अमित शाह ने कहा कि यह भूमि रामायण और महाभारत काल से ही बुद्धिजीवियों की भूमि रही है। उन्होंने प्राचीन विदेह साम्राज्य को लोकतंत्र की जननी बताया।

उन्होंने महात्मा बुद्ध के कथन को याद करते हुए कहा, महात्मा बुद्ध ने कई बार कहा था कि जब तक विदेह के लोग मिलजुलकर रहेंगे, उन्हें कोई नहीं हरा सकता। अमित शाह ने मिथिलांचल को लोकतंत्र की एक मजबूत ताकत बताते हुए कहा कि इस क्षेत्र ने वर्षों तक पूरे देश को अपना संदेश दिया है। उन्होंने मिथिलांचल को 'शास्त्रार्थ' (विद्वानों की सभा) की भूमि भी बताया और जानकारी दी कि भारत के छह प्रमुख दर्शनों में से चार मिथिलांचल से ही आए हैं।

**चर्चा से भाग रही है कांग्रेस सरकार इसलिए सत्र हो रहे हैं छोटे : रणधीर**

शिमला (आरएनएस)। भाजपा विधायक दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर कीअध्यक्षता में होटल ध्रुव में संपन्न हुई, बैठक में अनिल शर्मा को छोड़ कर सभी विधायक उपस्थित रहे।

नैना देवी से विधायक रणधीर शर्मा ने बताया कि भाजपा चर्चा के माध्यम से सरकार को घेरेगी चाहे वह राज्यपाल का भाषण हो या बजट पर चर्चा। सत्र में सरकार की नाकामियों, जन विरोधी निर्णयों एवं भ्रष्टाचार के मुद्दों को प्रखरता से उठाया जाएगा और पूरी तरह से वर्तमान कांग्रेस सरकार को बैक फुट पर धकेलना का काम भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया जाएगा।

रणधीर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आर्थिक दिवालियापन सबसे बड़ा मुद्दा है और हिमाचल प्रदेश में वेतन, पेंशन, बुजुर्गों को दिए जाने वाली धनराशि सभी को लेकर चिंता बरकरार है। हिमाचल प्रदेश की वित्तीय स्थिति इतनी खराब हो गई है कि केंद्र के पैसे को वेतन एवं पेंशन देने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर हिमाचल प्रदेश में आर्थिक बदहाली के लिए कोई जिम्मेवार है तो मुख्यमंत्री स्वयं है क्योंकि वही हिमाचल प्रदेश के वित्त मंत्री है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में फजूलखर्ची एक बड़ा मुद्दा है, मंत्रियों की शान और शौकत बढ़ाने के लिए करोड़ों रुपए खर्चे जा रहे हैं, इसी प्रकार से सीपीएस की सदस्यता बरकरा रखने के लिए भी करोड़ों रुपए वकीलों पर खर्च किए जा रहे हैं और हिमाचल प्रदेश में कैबिनेट रैंक के मित्रों की फौज खड़ी कर दी है इस पर भी सरकार को घेरा जाएगा। रणधीर शर्मा ने कहा कि सरकार चर्चा से भाग रही है इसलिए हिमाचल प्रदेश में जब भी विधान सभा सत्र होता है वह छोटा ही होता है, पहले बजट सत्र में 26 बैठकों का हुआ करता था और अब केवल 16 बैठकों का। इसी प्रकार से शीतकालीन सत्र में भी चार दिन का छोटा सा सत्र किया गया था। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था एवं नशा भी एक बड़ा मुद्दा है जिसको लेकर विपक्ष चर्चा करेगा। विपक्ष वर्तमान कांग्रेस सरकार को निश्चित रूप से कटघरे में करने जा रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि विधानसभा के बाहर अगर भाजपा ने प्रदर्शन करना है तो उसके लिए हम पार्टी के साथ बात करेंगे और पार्टी की बैठक में उसका निर्णय हो सकता है।




अगरतला के स्वामी विवेकानंद मैदान में भाजपा नीत सरकार 2.0 की दूसरी वर्षगांठ के समारोह के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के साथ त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा और अन्य।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 2 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना की आधारशिला रखी और आईआईएम नागपुर में गोल्फ अकादमी और लर्निंग सेंटर का उद्घाटन किया.

# गाय की महिमा को समझते हुए आमजन प्रतिदिन करें गौसेवा : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

जयपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के साथ ही गौमाता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संकल्पित होकर काम कर रहे है। हाल में पेश किए गए राज्य बजट में गौमाता और पशुपालकों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। प्रदेशभर में संचालित गौशालाओं तथा नंदीशालाओं के लिए प्रति पशु अनुदान राशि को इस वर्ष 15 प्रतिशत बढ़ाकर 50 रूपये प्रतिदिन करने का फैसला किया गया है।

मुख्यमंत्री सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर गौशालाओं की अनुदान राशि बढ़ाने पर आयोजित आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने पिछले साल गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना प्रारंभ की थी, जिसमें गौवंश हेतु शेड, खेली निर्माण तथा दुग्ध, चारा, बांटा संबंधी उपकरण खरीदने के लिए एक लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। अब हम आगामी वित्त वर्ष में भी ढाई लाख गोपालक परिवारों को इस योजना का लाभ मुहैया कराएंगे। श्री शर्मा ने कहा कि गोपालकों को और अधिक राहत देते हुए गोपाल क्रेडिट कार्ड के लिए जरूरी सभी दस्तावेजों पर स्टांप ड्यूटी माफ करने और योजना के प्रावधानों को सरल बनाने का भी बजट में प्रावधान किया गया है।

'विकास भी और विरासत भी' की सोच को आगे बढ़ा रहे प्रधानमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास भी हो रहा है और देश की विरासत भी समृद्ध होती जा रही है। वे देश-दुनिया के करोड़ों लोगों के महानायक हैं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, दृढ़ निश्चय, योजनाबद्ध कार्य और दूरदृष्टि से देश और दुनिया को एक नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान का प्रवासी देश-दुनिया में अपनी मिट्टी से जुड़ा हुआ है तथा प्रवासियों ने हर जगह गौशालाएं बनायी है जिससे गौसेवा के पुण्य कार्यों को बढ़ावा दिया जा सके। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन गौ-संरक्षण के लिए दूरदर्शी सोच के साथ काम कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए शुरू की गई 'मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना' के दायरे को बढ़ाते हुए आगामी वित्त वर्ष में प्रत्येक श्रेणी में बीमित पशुओं की संख्या दोगुनी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पशुधन निःशुल्क आरोग्य योजना के तहत औषधियों एवं टीकों की संख्या में वृद्धि, मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत दुग्ध संग्रहण के लक्ष्य को बढ़ाना, सर्दियों में गौशालाओं को आवश्यकता अनुसार अनुदान के स्थान पर बाजरा का विकल्प, एक हजार नवीन सहकारी समितियों अथवा संग्रह केंद्रों की स्थापना, 100 पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं एक हजार पशुधन निरीक्षकों की भर्ती सहित विभिन्न कार्य गौसेवा के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे है।

## भगोड़े ललित मोदी को झटका : वानुअतु की नागरिकता रद्द, पीएम जोथम ने पासपोर्ट रद्द करने का दिया आदेश

नई दिल्ली (आरएनएस)। भगोड़े कारोबारी ललित मोदी को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। वानुअतु सरकार ने उनकी नागरिकता रद्द कर दी है। वानुअतु के प्रधानमंत्री जोथम नापाट ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए ललित मोदी का पासपोर्ट भी रद्द करने का फैसला लिया है। यह कदम ललित मोदी के खिलाफ उठाए गए अंतरराष्ट्रीय कानूनी कार्रवाई का हिस्सा है, जिन्होंने भारत में कई गंभीर आरोपों का सामना किया है। ललित मोदी ढ्ढक्कर (इंडियन प्रीमियर लीग) के पूर्व चेयरमैन रहे हैं, लेकिन 2010 में भ्रष्टाचार, मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय गड़बड़ियों के आरोपों के चलते उन्हें देश छोड़कर जाना पड़ा था.भारत सरकार कई बार इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की मांग कर चुकी है, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो पाया. वनुआतू की नागरिकता मिलने के बाद ललित मोदी और सुरक्षित हो गए थे, लेकिन अब जब वनुआतू ने भी उन्हें बाहर का रास्ता दिखाने का फैसला कर लिया है, तो यह ललित मोदी के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकता है. उल्लेखनीय है कि वित्तीय अनियमितताओं, मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच साल 2010 में ललित मोदी भारत छोड़कर लंदन भाग गए थे। इससे पहले भगोड़े मेहुल चोकसी ने भी एंटीगुआ की नागरिकता हासिल करके कानून से बचने का रास्ता निकाला था।



भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ कोलकाता में रा%य सरकार के खिलाफ विरोध रैली में हिस्सा लेते हुए.

## तनिष्क शोरूम में लुटेरों ने बोला धावा, दिनदहाड़े 25 करोड़ के गहने कर दिए साफ; सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

भोजपुर (आरएनएस)। भोजपुर में आज सुबह एक सनसनीखेज वारदात में, हथियारबंद बदमाशों ने एक तनिष्क ज्वेलरी शोरूम को निशाना बनाते हुए करोड़ों रुपये के गहने लूट लिए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह लूटपाट सुबह करीब 10 बजे हुई जब सात की संख्या में बदमाश अचानक शोरूम में जबरन घुस आए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बदमाशों के शोरूम में प्रवेश करते ही वहां मौजूद ग्राहक और कर्मचारी भयभीत हो गए। रिपोर्ट्स बताती हैं कि बदमाशों ने बंदूक दिखाकर शोरूम में मौजूद लोगों को डराया और उन्हें एक कोने में इकट्ठा कर दिया। उन्होंने शोरूम के सुरक्षाकर्मियों से हथियार छीन लिए और उन्हें घुटनों पर बैठाकर असहाय कर दिया, जिसके बाद लूटपाट शुरू कर दी गई।

प्रारंभिक अनुमानों के मुताबिक, बदमाशों ने लगभग 25 करोड़ रुपये के सोने और चांदी के गहनों की लूट की है। घटना के बाद, शोरूम कर्मचारियों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस की टीमें तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। 000

## संसद में उठा वोटर लिस्ट का मामला, राहुल गांधी बोले- देश भर में उठ रहे सवाल, चर्चा करानी होगी

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी पर चर्चा की मांग। रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने कहा कि इस मसले पर चर्चा करने की जरूरत है। कई और सदस्यों ने भी जब ऐसी ही मांग उठाई थी तो लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने चुटकी लेने के अंदाज में कहा था कि क्या वोटर लिस्ट सरकार बनाती है। यदि सरकार नहीं बनाती तो फिर यहां चर्चा करने की क्या जरूरत है। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि हम आपकी इस दलील को स्वीकार करते हैं कि सरकार मतदाता सूची नहीं बनाती। लेकिन हम इस मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हैं। गांधी ने कहा कि पूरा विपक्ष मतदाता सूची पर चर्चा की मांग कर रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि मतदाता सूची को पूरे देश में सवालों के घेरे में रखा जा रहा है। हर राज्य में विपक्ष ने एक स्वर में इस पर सवाल उठाए हैं, जिसमें महाराष्ट्र भी शामिल है। इससे पहले तृणमूल कांग्रेस के सदस्य सौगत रॉय ने कहा कि मतदाता सूची में कुछ खामियां हैं और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह बताया है कि मुर्शिदाबाद और बर्धवान संसदीय क्षेत्रों और हरियाणा में समान इलेक्ट्रोरल फोटो आइडेंटिटी कार्ड यानी नंबर वाले मतदाता मौजूद हैं। रॉय ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल मतदाता सूची को लेकर अपनी चिंताओं से अवगत कराने के लिए नवनियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से अगले साल पश्चिम बंगाल और असम में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची की पूरी तरह से समीक्षा की मांग की।

## झारखंड के गढ़वा में पटाखा दुकान में आग लगने से दो बच्चों सहित पांच की मौत

गढ़वा (आरएनएस)। झारखंड के गढ़वा जिला अंतर्गत गोदारमाना बाजार में सोमवार दिन में करीब 11.30 बजे एक पटाखा दुकान में भीषण आग लग गई। इस हादसे में दो बच्चों और एक महिला सहित पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दुकान संचालक कुश कुमार गुप्ता, अजित कुमार केसरी, सुशीला केरकेट्टा, आयुष कुमार केसरी और पीयूष कुमार केसरी शामिल हैं।

बताया गया कि कुश कुमार गुप्ता बाजार में किराना और पटाखे की दुकान चलाते थे। इस दुकान के पीछे दो गोदाम भी हैं। अचानक पटाखे में आग लगी तो दुकान का शटर बंद हो गया और वहां मौजूद लोगों को भागने का मौका नहीं मिला।

विस्फोट की आवाज सुनकर लोग दौड़े। बाल्टियों और टैंकरों से पानी फेंकने से किसी तरह आग की लपटें कम हुईं तो लोगों ने दीवार काटकर दुकान के अंदर मौजूद लोगों को बाहर निकाला। उन सभी की मौत दम घुटने से हो गई थी।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अहमदाबाद में अहमदाबाद जिला सहकारी (एडीसी) बैंक के %स्वर्णिम शताब्दी समापन महोत्सव% में शामिल हुए.



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कर्नाटक के बेंगलुरु में भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एयरोस्पेस मेडिसिन संस्थान (आईएएम) में अंतरिक्ष मनोविज्ञान पर उन्नत अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया।

# तनुश्री दत्ता मामले में नाना पाटेकर व गणेश आचार्य के वकील ने जारी किया ऑफिशियल स्टेटमेंट

मुंबई (आरएनएस)। नाना पाटेकर, गणेश आचार्य के वकील पद्मा शेकटकर ने अभिनेत्री तनुश्री दत्ता यौन उत्पीड़न मामले पर एक ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी किया। उन्होंने कहा कि अदालत ने मामले का संज्ञान नहीं लिया है, क्योंकि एफआईआर दर्ज करने में देरी के कारण इसे बैन कर दिया गया।

इस बयान में कहा गया है कि तनुश्री वकील पद्मा शेकटकर के क्लाइंट को निशाना बना रही थीं। बयान में कहा गया, शिकायतकर्ता अभिनेत्री तनुश्री दत्ता द्वारा साल 2010 में ओशिवारा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई एफआईआर में साल 2008 की एक घटना का उल्लेख है, जो मेरे मुवक्किलों को निशाना बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया एक झूठ है। साल 2018 में किए गए सामी सिद्दीकी के स्ट्रिंग ऑपरेशन को लेकर अदालत ने निष्कर्ष निकाला कि उनके क्लाइंट निर्दोष हैं।

बयान के अनुसार, ओशिवारा पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच की और अंधेरी मजिस्ट्रेट अदालत में रिपोर्ट दायर की। अदालत ने मामले का संज्ञान नहीं लिया क्योंकि एफआईआर दर्ज करने में देरी के कारण लिमिटेशन एक्ट ने इसे बैन कर दिया था।

वकील ने उल्लेख किया, शिकायतकर्ता देरी के लिए माफी आवेदन दाखिल करने में विफल रहे और अदालत ने उनके मामले को खारिज कर दिया। अभिनेत्री के पास पर्याप्त सबूत नहीं थे, जबकि शूटिंग के दौरान सेट पर 100 से ज्यादा लोग मौजूद थे। मेरे मुवक्किल इन झूठे आरोपों के पीछे की वजह को समझने में विफल रहे। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण की वजह से उनके बहुत सारे प्रशंसक हैं और मौजूदा आरोप सिर्फ मेरे मुवक्किलों की छवि खराब करने के लिए लगाए गए हैं, जिसके पीछे कोई छिपा हुआ मकसद है।

उन्होंने आगे कहा, कुछ महिलाएं कानून का फायदा उठाती हैं और इंडस्ट्री के बड़े नामी लोगों को निशाना बनाती हैं, जो गलत और अनैतिक है, जिससे दिग्गजों का करियर डूब जाता है।

वकील के बयान में यह भी कहा गया है कि उनके मुवक्किलों ने इन 7 सालों में बहुत कुछ झेला है और उन्हें बहुत ज्यादा मानसिक आघात, तनाव और तकलीफों से गुजरना पड़ा है और मैंने इसे व्यक्तिगत रूप से देखा है। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने शिकायतकर्ता के मामले को खारिज करते हुए फैसला सुनाया है। यह मामला निश्चित रूप से उन सभी पुरुषों के लिए एक रोशनी की किरण है, जिन्हें 'मी टू' के नाम पर निशाना बनाया जा रहा है।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना बेलबाग में रात्रि बिरजू सोनकर उम्र 55 वर्ष निवासी शिवपार्वती मंदिर के पास भरतीपुर ओमती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सब्जी का ठेला लगाता है दिनांक 10-3-25 की शाम लगभग 4 बजे वह मटका बजार में छोटी पुलिया के उपर बैठा था तभी अर्जुन सोनकर उसके पास आकर शराब पीने के लिये रूपयों की मांग करने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो गाली गलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर अर्जुन सोनकर ने किसी नुकीली चीज से हमलाकर हाथ, पेट एवं कान के पास चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते

# सदन में गूंजा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु की फर्जी नियुक्ति और महिला अधिकारी से अभद्रता का मामला, शासन की चुप्पी पर सवाल!

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की विवादित नियुक्ति और उनके खिलाफ महिला अधिकारी से अभद्रता के मामले ने अब मध्यप्रदेश विधानसभा तक हलचल मचा दी है। वरिष्ठ विधायक श्री लखन घनघोरिया ने विधानसभा में माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के बाद इस संवेदनशील प्रकरण को उठाते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि एक ओर राज्य सरकार पारदर्शिता और योग्यता के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय के सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति की नियुक्ति में गंभीर अनियमितताओं की अनदेखी की जा रही है। यह विश्वविद्यालय प्रशासन, उच्च शिक्षा विभाग और शासन की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

एनएसयूआई का बड़ा आरोप - क्यों कुलगुरु के खिलाफ जांच लंबित?

गौरतलब है कि भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (ह्स्ड्ढ) के जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने दिनांक 08/12/2024 को मध्यप्रदेश शासन को शिकायत सौंपी थी, जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया था कि प्रो. वर्मा की नियुक्ति में गंभीर अनियमितताएं हैं और वह अपने मूल पद के लिए भी अयोग्य थे। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (स्श्चक्कस्ष्ट) द्वारा 19 जनवरी 2009 को जारी विज्ञापन के अनुसार प्राध्यापक पद के लिए पीएचडी के बाद 10 वर्षों का शिक्षण अनुभव अनिवार्य था, जबकि प्रो. वर्मा के पास यह अनुभव नहीं था।

इतना ही नहीं, लोक सेवा आयोग ने उच्च न्यायालय में स्पष्ट किया था कि शिक्षण अनुभव की गणना पीएचडी उपरांत ही की जाएगी, लेकिन प्रो. वर्मा के पास इस शर्त को पूरा करने का कोई प्रमाण नहीं था। इसके बावजूद प्रशासन ने नियमों को ताक पर रखकर उनकी नियुक्ति कर दी। इस पूरे मामले में यूजीसी के 2003 एवं 2018 के विनियमों का भी खुला उल्लंघन किया गया। यह साफ दर्शाता है कि किसी न किसी स्तर पर शासन-प्रशासन के भीतर मजबूत संरक्षण प्राप्त कर कुलगुरु ने यह पद हथियाया।

महिला अधिकारी से अभद्रता का मामला - चरम पर पहुंची मनमानी!

कुलगुरु प्रो. वर्मा के खिलाफ एक महिला अधिकारी से अभद्रता का मामला भी सुर्खियों में है। यह मामला और भी गंभीर हो जाता है जब एक विश्वविद्यालय का कुलगुरु नैतिकता और शुचिता की धज्जियां उड़ाते हुए अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता है। क्या एक उच्च शिक्षण संस्थान के शीर्ष पद पर आसीन व्यक्ति से इस प्रकार के आचरण की अपेक्षा की जा सकती है? क्या यह हमारे शिक्षा तंत्र के पतन का संकेत नहीं देता?

शासन का मौन - आखिर किस दबाव में है उच्च शिक्षा विभाग?

मामले की गंभीरता को देखते हुए मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने 19 फरवरी 2025 को इस प्रकरण की जांच के आदेश जारी किए और अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, जबलपुर संभाग को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि 5 कार्यदिवसों के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपनी होगी, लेकिन आज दिनांक तक इस आदेश पर कोई अमल नहीं हुआ। सवाल यह उठता है कि आखिर कौन कुलगुरु को बचाने में लगा है? क्यों जांच अधिकारी मौन हैं? क्या यह पूरे शासन तंत्र पर एक गंभीर धब्बा नहीं है? एनएसयूआई का स्पष्ट आरोप है कि कुलगुरु अपने प्रभाव, रसूख और राजनीतिक संपर्कों का इस्तेमाल कर जांच को प्रभावित कर रहे हैं। जिस तरह से इस मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है, उससे यह संदेह और गहरा हो जाता है कि कहीं यह पूरा खेल सत्ता के गलियारों से संचालित तो नहीं हो रहा? अगर ऐसा नहीं है, तो फिर शासन ने अब तक कुलगुरु के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की?

क्या यह विश्वविद्यालय की गरिमा के साथ खिलवाड़ नहीं?

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जो मध्यप्रदेश के सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में गिना जाता है, उसके कुलगुरु पर फर्जी नियुक्ति, अयोग्यता और महिला अधिकारी से दुर्व्यवहार जैसे गंभीर आरोप लगे हों और शासन चुप बैठा रहे - यह क्या संकेत देता है? क्या यह विश्वविद्यालय की गरिमा के साथ सत्ता संरक्षित खिलवाड़ नहीं है? अगर शासन ने जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो छात्र समुदाय और जागरूक नागरिक लोकतांत्रिक तरीके से बड़ा विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

एनएसयूआई सहित समस्त छात्र संगठन, शिक्षाविद और जागरूक नागरिक मांग करते हैं कि -

1. कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा को तत्काल पद से हटाया जाए ताकि वह जांच को प्रभावित न कर सकें।

2. उनकी नियुक्ति में हुई गड़बड़ियों की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

3. महिला अधिकारी से अभद्रता के मामले की स्वतंत्र जांच करवाई जाए और दोष सिद्ध होने पर कुलगुरु पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। 4. शासन द्वारा नियुक्त जांच अधिकारियों को जवाबदेह बनाया जाए कि आखिर अब तक जांच रिपोर्ट क्यों नहीं सौंपी गई?

# मंडल रेल प्रबंधक द्वारा कार्मिक विभाग में दो नवनिर्मित हाल का किया गया उद्घाटन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल कुमार तलरेजा के करकमलों से दिनांक 12.03.2025 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के कार्मिक विभाग में 02 नवनिर्मित हॉल , और हॉल क्क का उद्घाटन हुआ । इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री आनंद कुमार और श्री सुनील टेलर, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर श्री जे पी सिंह ,वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त ,श्री मुनव्वर खान, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक श्री रजनीकांत साहू ,वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता श्री आलोक तिवारी, मंडल अभियंता श्री पी के श्रीवास्तव , मंडल कार्मिक अधिकारी श्री वरुण चतुर्वेदी, सहायक कार्मिक अधिकारी श्री डी के शुक्ला ,श्री शचिपति नंदन तथा सभी विभागों के अधिकारीगण एवं कार्मिक विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे ।

## राशि अनुसार निम्न वस्तुओं की आहुतियां देकर मनाए होलिका दहन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। होली पर्व के दौरान होलिका दहन के अवसर पर आप अपनी राशि के अनुसार निम्न वस्तुओं की आहुतियां देकर सुख, शांति, समृद्धि व स्वास्थ्य में लाभ प्राप्त कर सकते हैं-

मेष राशि- होलिका दहन में गुड़ की आहुति चढ़ाएं। वृषभ राशि- होलिका दहन में मिश्री एवं नारियल गिर की आहुति चढ़ाएं। मिथुन राशि- होलिका दहन में कपूर एवं इलायची की आहुति चढ़ाएं। कर्क राशि- होलिका दहन में कच्चा चावल या सफ़ेद तिल की आहुति चढ़ाएं। सिंह राशि- होलिका दहन में गूगल एवं गुड की आहुति चढ़ाएं। कन्या राशि- होलिका दहन में पान और हरी इलायची की आहुति चढ़ाएं। तुला राशि- होलिका दहन में कपूर एवं सफेद तिल की आहुति चढ़ाएं। वृश्चिक राशि- होलिका दहन में गुड़ की आहुति चढ़ाएं धनु राशि- होलिका दहन में हल्दी की गांठ व पीली सरसों की आहुति चढ़ाएं। मकर राशि- होलिका दहन में काले तिल व लौंग की आहुति चढ़ाएं। कुंभ राशि- होलिका दहन में काली सरसों, लौंग व गूगल की आहुति चढ़ाएं। मीन राशि- होलिका दहन में पीली सरसों व गुड की आहुति चढ़ाएं ।।

होलिका दहन के अवसर कपूर, लौंग, गुड, इलायची, पीली सरसों, राई, गूगल आदि वस्तुओं की आहुतियां अवश्य देनी चाहिए, इससे वातावरण भी शुद्ध होता है और आपके स्वास्थ्य व समृद्धि के लिए भी लाभकारी होता है ।

होलिका दहन के अवसर कपूर, लौंग, गुड, इलायची, पीली सरसों, राई, गूगल आदि वस्तुओं की आहुतियां अवश्य देनी चाहिए, इससे वातावरण भी शुद्ध होता है और आपके स्वास्थ्य व समृद्धि के लिए भी लाभकारी

होता है होली भाई दूज एक विशेष हिंदू त्योहार है, जो भाई-बहन के बीच पवित्र बंधन का प्रतीक है। यह हिंदू कैलेंडर की द्वितीया तिथि के दूसरे दिन पड़ता है। इसे भ्रातृ द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। हालांकि यह पर्व साल में दो बार मनाया जाता है, जिसमें दिवाली के बाद वाले को ज्यादा महत्वपूर्ण माना जाता है। बता दें, हर साल होली भाई दूज रंगों वाली होली के अगले दिन पड़ता है।

ज्योतिषाचार्य पंडित सौरभ दुबे के अनुसार वैदिक पंचांग के अनुसार, द्वितीया तिथि की शुरुआत 15 मार्च, 2025 की दोपहर 02 बजकर 33 मिनट पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 16 मार्च 2025 की शाम 04 बजकर 58 मिनट पर होगा। ऐसे में इस साल होली भाई दूज का त्योहार 16 मार्च 2025, दिन रविवार को मनाया जाएगा।

होलिका दहन की राख लाने के बाद उसे एक लाल रंग के साफ-सुथरे कपड़े में एक सिक्के के साथ बांध दें। अब इस पोटली को अपने धन के स्थान या फिर तिजोरी में रख लें। ऐसा करने से आपकी आर्थिक समस्याएं दूर हो सकती हैं, साथ ही आपके लिए धन प्राप्ति के योग बनने लगते हैं।

# निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए ट्रांसको के समर एक्शन प्लान के अनुसार फील्ड अधिकारी करें कार्य - एम.पी. ट्रांसकों की त्रैमासिक रिव्यू एम.डी. इंजीनियर सुनील तिवारी के निर्देश

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुख्यालय जबलपुर में आयोजित मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) की दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय त्रैमासिक रिव्यू मीटिंग में प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी ने निर्देश दिए कि फील्ड के अधिकारी समय रहते प्रदेश में गर्मी के मौसम में बिजली की अप्रत्याशित बढ़ने वाली मांग के मद्देनजर हर स्थिति से निपटने की पूरी तैयारी कर लें। उन्होंने प्रदेश में गर्मी के मौसम में ट्रांसमिशन सिस्टम की स्थिरता और निरंतरता बनाये रखने के लिये ट्रांसको के समर एक्शन प्लान पर गंभीरता से विचार विमर्श करते हुए निर्देशित किया कि ट्रांसमिशन लाइनों और सब स्टेशनों में आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक स्पेयर पार्ट्स मौजूद रखें तथा इस बात की भी पूरी तैयारी कर ले कि विषम परिस्थितियों में मध्यप्रदेश के किसी भी कोने में इन सामानों को पहुंचाने के लिए



कैसी व्यवस्था रहनी चाहिए।

उन्होंने ट्रांसमिशन लाइनों, उन पर ट्रिपिंग और सबस्टेशनों के मैनेटेनेंस कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने ट्रांसमिशन लाइनों और सबस्टेशनों की क्षमता तथा उन पर लोडिंग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसी भी लाइन या सबस्टेशन में निर्धारित सीमा से अधिक लोड न डाला जाये। उन्होंने मुख्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे बेहतर प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम के अनुसार कार्य करें, ताकि एम.पी. ट्रांसको के कार्यों की उचित मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन हो सके। उन्होंने ट्रांसमिशन निर्माण कार्यों को उच्चतम गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण किए जाने के निर्देश भी दिए। बैठक में सिंहस्थ के लिये एम.पी. ट्रांसको द्वारा किये जाने वाले कार्यों की तैयारियों पर भी मंत्रणा हुई।

जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य से करें कार्य प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी ने निर्देश दिए की फील्ड के अधिकारी जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य को ध्यान में रखकर पूरी सतर्कता और सुरक्षा के साथ मेंटेनेंस कार्य को पूर्ण करवायें। उन्होंने कंपनी के जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य को विस्तारित करते हुये उसे जीरो व्हीकल एक्सीडेंट के साथ जोडते हुये कहा कि मानव जीवन से महत्वपूर्ण कुछ नहीं है, अत: कार्य के दौरान सुरक्षा मापदंडों का पालन कड़ाई से तो किये ही जाये साथ ही कंपनी के लिये कार्य करने वाले वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुए नियंत्रित गति से वाहन चलाने के लिये प्रेरित करें, ताकि आपातकालीन स्थिति में भी जल्दबाजी के चलते सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को टाला जा सके। इस रिव्यू मीटिंग में एम.पी. ट्रांसको के मुख्यालय स्थित सभी विभागध्यक्ष एवं प्रदेश के अधीक्षण अभियंता स्तर तक के अधिकारी शामिल थे।

## स्वच्छता के एक-एक मापदण्डों पर है निगमायुक्त प्रीति यादव की नजर

## स्वच्छ सर्वेक्षण की जमीनी हकीकत जानने अचानक निगमायुक्त पहुँची कठौंदा प्लांट

लैंड फिल साईट, वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का लिया जायजा = शेष कार्य जल्द पूर्ण कराने के दिये निर्देश




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारत सरकार एवं राज्य शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान संभगवार, वार्डवार चलाने के साथ-साथ स्वच्छता के लिए निर्धारित मापदण्डों जैसे सफाई व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने संचालित एस.टी.पी. प्लांटों, वेस्ट टू एनर्जी प्लांट, सी एण्ड डी प्लांट, कम्पोस्ट प्लांट आदि की व्यवस्थाओं पर भी निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव लगातार अपनी नजर बनाकर रखीं हैं। निगमायुक्त श्रीमती यादव स्वच्छता को लेकर बहुत ही सजग रहते हुए सर्वेक्षण के कार्यो को देखने लगातार वार्डो में पहुँच रहीं हैं और साफ सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ-साथ अन्य कार्यो पर भी विशेष फोकस कर रही हैं। आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव स्वच्छ सर्वेक्षण की जमीनी हकीकत जानने अचानक कठौंदा स्थित लैंड फिल साईट, वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का निरीक्षण करने पहुँची और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष कार्यो को भी जल्द से जल्द पूर्ण कराएँ।

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सीवर प्लांट का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के समय उपायुक्त स्वास्थ्य संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल, सहायक नोडल स्वच्छता सेल अभिनव मिश्रा, संजय कुशवाहा सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव सी.एस.आई. सौरभ आदि उपस्थित रहे।

## हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में गुलाल लगाते 464 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा आज

भगवान चैतन्य महाप्रभु का अभिषेक फूलों की होली कल



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक पूर्णिमा को निकल जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा 13 मार्च फागुन पूर्णिमा पर प्रात 6:00 बजे पूज्य संत महात्माओं के सानिध्य में निकाली जाएगी बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण होगा एवं विशाल भंडारे का आयोजन के साथ समापन होगा उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलब्बानी कैलाश विश्वकर्मा विशाल पड्या आदि ने की है

### संजय खम्परिया का देहावसान



जबलपुर-पूर्व विधायक नित्यनिरंजन खम्परिया के अनुज श्री संजय खम्परिया (खितौला सिहोरा निवासी) का आज अल्प बीमारी के बाद देहावसान हो गया है उनकी शवयात्रा आज 12 बजे उनके निवास विजयनगर स्टेट बैंक चौराहा जबलपुर से ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी ।

## दो-दो ट्रिप चलाई जाएगी रीवा-सीएसएमटी-रीवा साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। यात्रियों की सुविधा हेतु आगामी त्योहारों एवं समर में भीड़ को कम करने के लिए रेल प्रशासन द्वारा रीवा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-रीवा के बीच साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 02-02 फेरे चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के रीवा स्टेशन से प्रारम्भ/टर्मिनेट होकर सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी एवं हरदा स्टेशनों से होकर गंतव्य को जायेगी। स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच उपलब्ध रहेंगे।

गाड़ी संख्या 02187 रीवा से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार दिनाँक 20 एवं 27 मार्च 2025 को रीवा स्टेशन से दोपहर 15:50 बजे प्रारम्भ होकर सतना 16:55 बजे, मैहर 17:25 बजे, कटनी 18:05 बजे, जबलपुर 19:40 बजे, नरसिंहपुर 20:48 बजे, गाडरवारा 21:18 बजे, पिपरिया 21:53 बजे, इटारसी 23:20 बजे और अगले दिन हरदा मध्य रात्रि 00:22 बजे पहुँचकर, भुसावल भोर 04:00 बजे होते हुए औरशुक्रवार दोपहर 12:20 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुँचेगी ।

गाड़ी संख्या 02188 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनससे रीवा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार दिनाँक 21 एवं 28 मार्च 2025 कोछत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन से दोपहर 13:30 बजे प्रारम्भ होकरभुसावल रात 20:20 बजे पहुँचकर अगले दिन हरदा मध्य रात्रि 00:03 बजे, इटारसी 01:15 बजे, पिपरिया 02:13 बजे, गाडरवारा 02:48 बजे, नरसिंहपुर 03:23 बजे, जबलपुर भोर 04:55 बजे, कटनी 06:10 बजे, मैहर 07:03 बजे, सतना 07:40 बजे और शनिवार को 09:45 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी।

ठहराव- यह गाड़ी रास्ते में दोनों तरफ सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खण्डवा, भुसावल,मनमाड़, नासिक रोड एवं कल्याण स्टेशनों पर रुकेगी।

नोट- रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी वेबसाइट से दिनाँक 13 मार्च 2025 से इस स्पेशल ट्रेन के आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है।

रेल यात्रियों से अनुरोध है कि स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन, रेल मदद 139 एवं वेबसाइट से ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं।

# एयरटेल ने मनाया ग्राहक दिवस



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अपने वार्षिक ग्राहक दिवस समारोह के भाग के रूप में, एयरटेल मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की 5,500+ मजबूत कार्यबल ने बुधवार को पूरा दिन फील्ड में बिताया, ग्राहकों, खुदरा विक्रेताओं, और अन्य हितधारकों से सीधा फीडबैक प्राप्त किया। हर वर्ष इस तिथि पर, सभी एयरटेल कर्मचारी अपने कार्यालयों से बाहर निकलते हैं और देशभर में ग्राहकों के साथ सीधे जुड़ते हैं, सेवा उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं।

## जहां सजी हो बलदेवी का लोकार्पण बलिदानी रंगों का चित्रण





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। डॉ. पूनम शर्मा का सृजन राष्ट्र और समाज की आराधना का सृजन है। ऐसा सृजन जिसमें पीढियों को प्रेरणा देने का दर्शन निहित है,वह सार्थक सृजन कहलाता है। तदाशय के उद्गार पाथेय संस्था ,वर्तिका एवं मंथनश्री के तत्वावधान में डॉ. पूनम शर्मा की कृति जहां सजी हो बलिदेवी का लोकार्पण करते हुए अतिथियों ने व्यक्त किए। समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती गीता शरत तिवारी थीं। अध्यक्षता डॉ. संध्या श्रुति ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती विजयश्री मिश्रा, डॉ. शोभा सिंह,प्रभा शील एवं अरूण भटनागर थे।समारोह संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने कहा कि कृति में वीर बालक बाबा जोरावर सिंह जी एवं बाबा फतेह सिंह जी की जीवन गाथा के साथ माता गुजरी जी के जीवन और त?याग के बलिदानी रंगों का काव्यमय चित्रण है। प्रारंभ में शिवाली शर्मा ने वंदना प्रस्तुत की।स्वागत संतोष नेमा, छाया त्रिवेदी,विजय नेमा ने एवं संचालन कविता राय,डॉ. मुकुल तिवारी एवं रश्मि पांडे ने किया।समारोह में मंजू गोरे, आलोक शर्मा ,माधुरी मिश्रा,मदन श्रीवास्तव को उनकी उपलब्धियों पर विशिष्ठ सम्मान दिया गया।पाथेय, मंथनश्री, वर्तिका से डॉ.पूनम शर्मा को मथुरा जैन, निरंजन द्विवेदी,राजेन्द्र मिश्रा,सुभाष शलभ,आशुतोष तिवारी, डॉ.सलमा जमाल,निर्मिला तिवारी, छाया त्रिवेदी, सुरेश दर्पण आदि ने सम्मानित किया । स्वागत आचार्य विजय किसलय, सुभाष शलभ, गणेश प्यासा ने किया।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पाटन में रात्रि कैलाश सिंह लोधी उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम पड़रिया भमक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह खेती किसानी करता है सुक्कू लोधी निवासी कटरा बेलखेड़ा का उसके लड़के आलोक से पैसों के लेन देन को लेकर बुराई रखता है इसी बात को लेकर सुक्कू उसके घर के सामने खड़े होकर उसके बेटे को गाली गलौज कर बोल रहा था कि घर से निकल आज तुझे देखता हूं, वह घर से बाहर निकलकर सुक्कू लोधी को गाली देने से मना किया तो सुक्कू लोधी उसके साथ हाथापाई करने लगा



# धमाके साथ फटा टायर, कर्मचारी की मौत, पंचर बनाते वक्त हुआ है ब्लास्ट



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित कुम्हार मोहल्ला तिलवारा रोड पर आज उस वक्त चीख पुकार मच गई. जब एक दुकान पर पंचर बनाते वक्त धमाके के साथ टायर फट गया. जिसकी चपेट में आए कर्मचारी व्यास पटेल के सिर में गंभीर चोटें आने के कारण मौके पर ही मौत हो गई. ब्लास्ट की आवाज सुनकर राह चलते लोगों सहित आसपास के लोग पहुंच गए थे. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया है.

पुलिस के अनुसार बिहार में रहने वाला व्यास पटेल करीब 20 वर्ष से तिलवारा क्षेत्र स्थित कुम्हार मोहल्ला में परिवार सहित किराए से रहता है. जो वहीं ट्रक, कार सहित अन्य वाहनों के पंचर बनाने की दुकान खोले है. आज सुबह 10.30 बजे के लगभग दुकान के सामने बैठा रहा. इस दौरान ट्रक चालक टायर का पंचर बनवाने पहुंच गया. व्यास पटेल ने टायर का पंचर बनाया और जब हवा भर रहा था, इस दौरान धमाके के साथ टायर फट गया.

जिसकी चपेट में आकर व्यास पटेल उछलकर दूर गिरा, जिससे उसके सिर पर चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई. टायर फटने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों सहित राह चलते लोग पहुंच गए. देखा तो दुकान के बाहर रखा सारा सामान बिखरा पड़ा व्यास पटेल खून से लथपथ मृत हालत में पड़ा है. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, उस वक्त दुकान के बाहर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई थी. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाकर मर्ग कायम कर लिया है. पुलिस अधिकारियों काा कहना है कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि टायर कमजोर था जिसमें हवा का दवाब ज्यादा हो गया, जिसके चलते टायर धमाके के साथ फट गया.

# नगर निगम के गढ़ा जोन कार्यालय में लगी भीषण आग, महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर खाक



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित गढ़ा जोन कार्यालय में देर रात अचानक आग लग गई. आग ने कुछ ही देर में विकराल रुप धार कर लिया, जिससे आफिस में रहे महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर खाक हो गए. आसपास के लोगों ने आफिस से उठ रही आग की लपटें देख पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग विकराल रुप धारण कर चुकी थी. मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाडियों ने आग पर काबू पा लिया.

बताया गया है कि गढ़ा बाजार में स्थित नगर निगम के जोन कार्यालय में बीती रात एक बजे के लगभग अचानक आग लग गई.

अंदर ही अंदर धधक रही आग ने कुछ ही पल में विकराल रुप धारण कर लिया. आग की लपटें उठती देख आसपास के लोग घरों से बाहर आ गए, यहां तक कि राह चलते लोग भी रुक गए. जिन्होने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग अंदर ही अंदर धधकती जा रही थी. स्थानीय लोगों की सूचना पर नगर निगम अधिकारियों, फायर ब्रिगेड व गढ़ा थाना पुलिस को सूचना दी. दमकल की 6 से अधिक गाडियां मौके पर पहुंच गई जिन्होने आग पर काबू पा लिया.

आगजनी की घटना में आफिस में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गए. गौरतलब है कि गढ़ा ज़ोन कार्यालय जिस स्थान पर है वहां घनी आबादी है.

# कांग्रेस नेता पहुंचे मंत्री प्रहलाद के घर भीख मांगने, पुलिस ने समझाइस देकर लौटाया



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मंत्री प्रहलाद पटेल के भीख वाले बयान का बवाल कम नहीं हो रहा है। मंगलवार को युवा कांग्रेस ने जबलपुर स्थित मंत्री के घर का घेराव किया। प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष मितेंद्र सिंह मौजूद रहे। जिन्होंने कहा कि वे मंत्री से प्रदेश के मजदूरों, युवाओं और गरीबों के लिए गरिमापूर्ण जीवन जीने की भीख मांगने आए हैं। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जब मंत्री के घर की ओर कूच किया उस समय वे भोपाल में थे। लिहाजा परिवार के सदस्य बाहर नहीं निकले। उधर, प्रदर्शन से पहले ही पुलिस बल सैनिक सोसायटी कॉलोनी में पहुंच गई और मंत्री के आवास के सामने मानव दीवार बना दी। हालांकि प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा पर प्रदर्शनकारी नारे लगाते हुए मंत्री पटेल के इस्तीफे की मांग करते रहे। बाद में अधिकारियों के दखल पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम गोरखपुर को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग दोहराई और वहां से चले गए। प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस ने कहा कि सार्वजनिक मंच से प्रदेश के मंत्री द्वारा भीख मांगने की बात कहना निंदनीय है और प्रदेश की जनता का अपमान है। मनरेगा के मजदूरों को पैसा नहीं मिल रहा, पंचायतों के काम ठप हैं। युवा रोजगार के लिए परेशान हैं, लेकिन मंत्री को इनकी चिंता नहीं है। इसलिए युवा कांग्रेस मंत्री यदि अधिकार को भीख मानते हैं तो यह मांगने के लिए हमेशा तैयार है। इस दौरान युवा कांग्रेस के नगर अध्यक्ष विजय रजक, समर्थ अवस्थी, चमन राय, यश घनघोरिया, पारस जैन, सिद्धांत जैन, सचिन रजक, चंदन चौधरी, अमित मिश्रा, प्रदीप पटेल, मोहित सुफेले, विनय पटेल, भानू यादव, ऋषभ मिश्रा, अक्षय विनोदिया, राहुल लोधी, सुमित गुप्ता, विवेक भोसले, ताज खान, ओवेश अंसारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# चार युवकों ने 50 साल के व्यक्ति को लाठी-रॉड से पीटा, अस्पताल में मौत



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र में धक्का लगने को लेकर विवाद में चार युवकों ने एक व्यक्ति पर लाठी, रॉड से हमला कर दिया। घटना के दो घंटे बाद घायल ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। प्रभात नगर निवासी बच्चू राम नुनिया 50 वर्षीय प्राइवेट नौकरी करता था। वह मंगलवार को खाना खाने के बाद रात को 11 बजे टहलने के लिए निकला। उसके घर से कुछ ही दूरी पर चार युवक खड़े थे। वे किसी बात को लेकर विवाद कर रहे थे। तभी रास्ते से निकलने के दौरान बच्चू राम का धक्का एक युवक को लग गया। इस पर युवक आक्रोशित हो गया। उसके साथी भी बच्चू के साथ विवाद करने लगे। इसी बीच युवकों ने लाठी और रॉड से बच्चू राम की पिटाई कर दी। इतना मारा कि वह लगभग बहोश हो गए। उसके बाद युवक भाग गए। आरोपितों मारपीट के बाद बच्चू को मरा समझकर भाग गए। घायल बच्चू सड़क किनारे लगभग आधा घंटा तक पड़े रहे। उन्हें इतनी चोट थी कि वह किसी को आवाज देकर नहीं बुला सकें। देर रात की घटना और वहां अंधेरा होने के कारण किसी की जल्दी नजर नहीं पड़ी।

## कार्यालय नगर पालिक निगम,जबलपुर

पत्र क्रं./बा.वि./2025/1916 दिनांक 11/03/2025

### दुकान नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती प्रेमलता पाटीदार, पति- श्री सागरमल पाटीदार** द्वारा **आवेदन पत्र,एवं विक्रय पंजीयन पत्र** के आधार पर निगम स्वामित्व की **बल्देवबाग मार्केट दुकान क्रं. 35 में** नया अनुज्ञप्तिधारी के रूप पर नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया हैं। जिस किसी को उक्त नामान्तरण पर आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की तिथि से **15 दिवस में कार्यालय बाजार अधीक्षक, कमरा नं.54 नगर निगम जबलपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

**बाजार अधीक्षक**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय नगर पालिक निगम,जबलपुर

पत्र क्रं./बा.वि./2025/1917 दिनांक 12/03/2025

### दुकान नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री सिद्धार्थ गुप्ता एवं श्रीमती गनेशी गुप्ता, पति- स्व. श्री एस.एस. गुप्ता** द्वारा **आवेदन पत्र,मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, एवं सहमति पत्र** के आधार पर निगम स्वामित्व की **नौदरापुल प्रथम मंजिल मार्केट दुकान क्रं. 16 में** नया अनुज्ञप्तिधारी के रूप पर नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया हैं। जिस किसी को उक्त नामान्तरण पर आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की तिथि से **15 दिवस में कार्यालय बाजार अधीक्षक, कमरा नं.57 नगर निगम जबलपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

**बाजार अधीक्षक**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/706/ दिनांक 12.03.2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती वंदना बावरिया, पति- राजेश बावरिया** ने मकान नं. 1850 पिन नं.1000459085 **वार्ड सेठ गोविन्द दास वार्ड ,** भूतल सीमेंट टीन 600 व.फु., **दानपत्र, शपथ पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1850 तिवारी आटा चक्की के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर

पत्र क्रं. -120, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 12.03.2025

### भवन नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्रीमती रूपा ठाकुर, पति- श्री एस.पाल सिंह, 2. श्री सुशील सिंह, पिता- श्री गणेश सिंह** ने मकान नं. 2190/ए पुराना शोभापुर पिन नं. 1000373356 **वार्ड गोकलपुर वार्ड,** भूतल 775 व.फु., **आधार कार्ड, पंजीकृत विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामी- श्री शारदा प्रसाद यादव, पिता- स्व. श्री जे.पी.यादव, मकान नं. 2190/ए पुराना शोभापुर पिन नं. 1000373356 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अत: जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-10 रांझी**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर

पत्र क्रं. -114, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 06.03.2025

### भवन नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री अशोक कुमार कुशवाहा, 2. पुष्पलता कुशवाहा, 3. मंजूलता कुशवाहा, 4. चारूलता कुशवाहा, सभी के पिता- स्व. श्री जी.डी.कुशवाहा** ने मकान नं. 3400/50-ई-284 पिन नं. 1000699671 **वार्ड शहीद भगत सिंह वार्ड,** भूतल 403 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 273 व.फु. आर.सी.सी. , **आधार कार्ड, शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामी- श्री जी.डी. कुछवाहा,पिता- श्री रामलोचन कुशवाहा, मकान नं. 3400/50-ई- 284 पिन नं. 1000699671 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अत: जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-10 रांझी**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-16, नगर निगम जबलपुर

क्रं.सं.अधि/राजस्व./ सं.क्र.16/ 2024-25/ एम....... दिनांक- 12.03.2025

### भवन नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मकसूद अहमद, श्री अजहरूद्दीन असारी, मो. जफर, पिता- हाफिज महमूद अहमद** ने पिन नं. 1000443603 भवन क्रमांक 1165 ध 1 , **वार्ड क्र. 59 वार्ड शहीद अशफाक उल्ला वार्ड,** भूतल 1339 व.फु., **पारिवारिक समझौतानामा एवं शपथ पत्र ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक 1165 ध 1 , पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-16** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-16**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-16, नगर निगम जबलपुर

क्रं.सं.अधि/राजस्व./ सं.क्र.16/ 2024-25/ एम....... दिनांक- 12.03.2025

### भवन नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री गुलाम मोहम्मद खान, पिता-अब्दुल बशीर, मोहम्मद मोईनुद्दीन खान, मो.कुलुबुद्दीन खा, मो. निजामुद्दीन, पिता- गुलाम मोहम्मद खान** ने पिन नं. 1000442974 भवन क्रमांक 1982/2 **, वार्ड क्र. 51 वार्ड रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड,** कुल भूमि 2400 व.फु., भूतल 2000 व.फु., प्रथमतल 2000 व.फु. , **विक्रयपत्र ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक 1982/2 , पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-16** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-16**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 428 दिनांक 12.03.2025

### भवन नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री नितेश दुबे, पिता- डॉ. देवकृष्ण दुबे** ने मकान नं. 469/54, सम्पत्ति पिन नं. 1000608792 **वार्ड विवेकानंद वार्ड ,** भूतल 510 व.फु., प्रथमतल 350 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 427 दिनांक 12.03.2025

### भवन नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री हरमती सिंह धंजल,पिता- श्री सन्तोष सिंह** ने मकान नं. 2362, सम्पत्ति पिन नं. 1000493391 **वार्ड मदन महल वार्ड ,** क्षेत्रफल 1500 व.फु., भूतल 1100 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/307 जबलपुर दिनांक 12.03.2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री धनीराम रैकवार, पिता- स्व. श्री नत्थूलाल रैकवार** ने मकान नं. 3481, खसरा नं. 183, **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 1000351941, क्षेत्रफल 600 व.फु., भूतल 600 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/308 जबलपुर दिनांक 12.03.2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती नीतू गर्ग, पति- श्री कमलेश प्रसाद गर्ग** ने खसरा नं. 55, **वार्ड राजीव गांधी** पिन नं. 1000349991, क्षेत्रफल 1080 व.फु., भूतल 700 व.फु. कामर्शियल स्वयं, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/310 जबलपुर दिनांक 12.03.2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती शोभा अवस्थी, पति- श्री गिरीश कुमार अवस्थी** ने प्लाट नं. 02, **वार्ड डॉ. राम मनोहर लोहिया** पिन नं. 1000355066, क्षेत्रफल 1200 व.फु., भूतल 1000 व.फु. कामर्शियल स्वयं, प्रथमतल 1000 व.फु. किरायेदार रहवास, द्वितीयतल 100 व.फु. स्वयं उपयोग, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/309 जबलपुर दिनांक 12.03.2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती स्वाती गर्ग, पति- श्री आशीष गर्ग** ने प्लाट नं. एफ, **वार्ड राजीव गांधी** पिन नं. 1000349259, क्षेत्रफल 1018 व.फु., भूतल 700 व.फु. कामर्शियल स्वयं, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/250 दिनांक 12.03.2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रश्मि चौकसे, पति- श्री मुकेश कुमार चौकसे** ने मकान नं. 500/2 ए **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 982 , प्रथमतल 618 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/251 दिनांक 12.03.2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रश्मि बादल, पति- श्री ब्रजेश बादल** ने मकान नं. 2004/बी **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 1200 व.फु., भूतल 1100 व.फु., प्रथमतल 1100 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/252 दिनांक 12.03.2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती करूणा पटैरिया, पति- स्व. श्री नारायण पटैरिया, श्रीमती आकांक्षा चौबे, श्री अखिलेश पटैरिया, श्री आदित्य पटैरिया, पिता- स्व. श्री नारायण पटैरिया** ने मकान नं. प्लाट नं. 412/14 **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 2400 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/254 दिनांक 12.03.2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती अनीसा बानो, पति- अकील अहमद** ने मकान नं. 734 **वार्ड डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड,** क्षेत्रफल 800 व.फु., भूतल 800 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/253 दिनांक 12.03.2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री ब्रजेश पटैल, पिता- स्व. श्री राजकुमार पटैल** ने मकान नं. 304/1 **वार्ड चितरंजन दास वार्ड,** क्षेत्रफल 1200 व.फु., भूतल 800 व.फु., प्रथमतल 800 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999